तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 2 सितंबर 2025



10 प्राचार्य पदोन्नति फोरम ने जताया स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार





11 25 दिवसीय आवासीय योग शिविर 17 से











# होटल ईशा में देह व्यापार, मैनेजर फोटो दिखाकर करवाता था बुकिंग

## वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, साक्ष्य मिलने पर तीन के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लंबे समय से चल रहे देह व्यापार के अवैध कारोबार की जानकारी मिलने पर होटल ईशा में टीम ने दबिश दिया। जहां से मैनेजर, कस्टमर समेत तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गदा चौक सुपेला स्थित ईशा होटल के मैनेजर शिव कुमार कुर्रे द्वारा अवैध धन अर्जित करने के लिए महिलाओं से देह व्यापार का कारोबार कराया जा रहा था। होटल ईशा में टीम पहुंची और एक कर्मी प्वाईंटर बनाकर 500-500 रूपये के दो नोट को स्याही से चिन्हित किया। उसके बाद होटल के कमरे में भेजा गया। भीतर जाने के बाद मिस्ड कॉल देने की समझाईश दी गई। होटल ईशा के भीतर पुलिस कर्मी द्वारा मैनेजर से बात होने व रूम के अंदर जाने पर पुलिस टीम को मिस्ड कॉल कर बताई गई। होटल के मैनेजर की तलाशी लेने पर 500-500 के दो नोट चिन्हित वाले कर अतिरिक्त 5 डिब्बा कंपनी का आपत्तिजनक सामान, मोबाईल जिसमें लड़कियो के फोटो ग्राहको को भेजने का दृश्य, रजिस्टर जिसमें नाम एवं समय लिखा हुआ है। होटल के मैनेजर शिव कुमार कुर्रे से पूछताछ करने पर लड़कियो को होटल में बुलाकर रूम में रखना और कस्टमर के आने पर उसे देह व्यापार के लिए उपलब्ध कराना स्वीकार किया।



### कई आपत्तिजनक सामान पुलिस ने किया जब्त

पुलिस ने बताया कि उक्त कार्य को होटल के मालिक निक्कू उर्फ अमित के कहने पर देह व्यापार करना बताया गया। होटल ईशा के कमरा नंबर 15 को कस्टमर शोयेब नाम के युवक को भी देह व्यापार के लिये आपत्तिजनक आवश्यक सामग्री देना बताया। टीम द्वारा होटल ईशा के कमरा की तलाशी लेने पर कस्टमर फरीद नगर सुपेला शोयेब खान मिला जिनके तलाशी में मोबाईल,बेड गद्दे के नीचे जरूर कई कंपनी का आपत्तिजनक सामान भी जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपीगण मरोदो हत्रा थाना नादघाट बेमेतरा हाल ईशा होटल गदा चौक वैशाली नगर निवासी शिव कुमार कुर्रे, फरीद नगर सुपेला मोहम्मद शोयेब,निक्की उर्फ अमित ईशा होटल के मालिक व संचालक के खिलाफ जुम दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### सिविक सेंटर में गंदगी देख जताई नाराजगी



**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने सोमवार की सुबह मार्निंग वॉक ग्रुप के साथ सेक्टर-6 स्थित सिविक सेंटर चौपाटी का निरीक्षण किया। दुकानदारों एवं होटल व्यवसायियों द्वारा किए जा रहे सीवरेज जाम और गंदगी की शिकायतें मिल रही थीं। मौके पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने तत्काल भिलाई नगर निगम एवं बीएसपी स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को फोन कर मौके पर बुलाया। सफाई करवाई। संयत्र के जीएम सिविल विष्णु पाठक, जावेद खान स्वास्थ्य अधिकारी को नियमित रूप से सफाई के लिए निर्देशित किया।

### बाइक चोरी करने वाले तीन युवक पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सेक्टर 6 सड़क 62 क्वाटर 07 डी निवासी संतोष कुमार राव ने शिकायत किया कि गुरुवार साप्ताहिक बाजार सेक्टर 07 भिलाई से सीजी 07 एके 0540 जिसकी कीमत 85 हजार रुपये चोरी हो गई थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना दिया कि सेक्टर 6 भिलाई मे बाइक को बेचने तीन युवक ग्राहक की तलाश कर रहे थे। आरोपियों को पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया। पुछताछ में आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों का नाम ग्राम गोड़पेण्ड्री निवासी कुंवर सिंह, घनश्याम जांगड़े, रुपेन्द्र डहरिया है। तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** सशक्त एप से पुलिस ने बाइक चोरी करने वाला युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वार्ड 11 गौरा चौरा चौराहा निवासी विष्णु ठाकुर से पूछताछ करने पर बाइक सीजी 07 बी 3057, एमपी09 क्यूजी 1180, सीजी 07 एजे 4387 को जब्त किया गया है।

### लीकेज का होगा मेंटेनेंस आज पेयजल प्रभावित

**दुर्ग।** यामाहा शो-रूम के पास मालवीय नगर नाले से होकर बिछी 600 एमएम डाया की क्लीयर वॉटर पाइपलाइन में बड़ा लीकेज है। इस वजह से 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट से संबंधित शहर की टंकियां पूरी क्षमता से भर नहीं पा रही हैं। नतीजतन कई मोहल्लों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसका मेंटेनेंस किया जाना है। इसके लिए 2 सितम्बर को पाइपलाइन को शटडाउन लिया गया है। 2 सितम्बर की सुबह पानी की आपूर्ति के बाद काम शुरू किया जाएगा। कार्य पूरा होने तक संबंधित क्षेत्रों में जलप्रदाय बाधित रहेगा। मरम्मत कार्य के चलते कई प्रमुख पानी टंकियों से जुड़ी कॉलोनियों और बस्तियों में जल आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित टंकियों में पद्मनाभपुर पानी टंकी, शक्ति नगर पानी टंकी, हनुमान नगर पानी टंकी, शंकर नगर पानी टंकी के अलावा गिरधारी नगर पानी टंकी और शनिचरी बाजार पानी टंकी शामिल है।

## कांग्रेसी पार्षदों ने बिजली दफ्तर के बाहर किया प्रदर्शन, घटिया क्वालिटी को लेकर हंगामा

# अंधेरे में शहर...3 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें बंद, 482 नई आईं तो बंटवारे के लिए झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

त्योहारी सीजन में दुर्ग निगम क्षेत्र के 60 वार्डों में अंधेरा पसरा हुआ है। वजह से मेंटेनेंस का अभाव और खराब एलईडी का बदला जाना। इस बीच 10 दिन पहले निगम में करीब साढ़े 19 लाख रुपए खर्च कर मंगाई गई एलईडी वितरण को लेकर हंगामा शुरू हो गया।

कांग्रेसी पार्षदों ने आरोप लगाया कि जानबूझकर नए एलईडी की सप्लाई नहीं की जा रही है, उनके वार्डों में नहीं भेजा जा रहा है। इसे लेकर सोमवार को नलघर स्थित विद्युत कार्यालय के बाहर कांग्रेसी पार्षद धरने पर बैठ गए। उन्होंने जमकर हंगामा मचाया। निगम कर्मियों को अंदर जाने ही नहीं दिया। उन्होंने सुबह करीब 9 बजे से करीब 10:45 बजे तक वे धरने पर बैठे रहे। बाद में विद्युत विभाग के प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार मौके पर पहुंचे, उन्होंने समझाइश दी। सभी वार्डों में समान रूप से आई एलईडी वितरण का भरोसा दिलाया, इसके बाद वे मौके से हटे। इस बीच एलईडी के घटिया होने को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की गई। इस पर ईई दिनेश नेताम ने दो साल के वारंटी की जानकारी दी। इसके बाद मामला शांत हुआ। बहरहाल एलईडी का वितरण नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक शहर में 3 हजार से ज्यादा एलईडी खराब हैं या मेंटेनेंस के अभाव में बंद पड़े हुए हैं। इसके कारण पब्लिक लगातार परेशान हो रही है।



### 6 साल में बढ़ गई 5500 से ज्यादा एलईडी

जानकारी के मुताबिक कार्य एजेंसी ने जब काम शुरू किया था, उस समय करीब 18780 स्ट्रीट पोल थे। वर्तमान में इनकी संख्या बढ़कर करीब 24500 हो चुकी है। इस प्रकार करीब 5500 एलईडी स्ट्रीट लाइट से ज्यादा बढ़ चुकी है। इसमें पूर्व विधायक निधि, अधोसंरचना मद, पुराने पोल को इस्तेमाल में लाया गया है। वर्तमान में मद परिवर्तन को लेकर भी विवाद के कारण करीब 49 लाख की बिलिंग स्वीकृति के बाद भी अटकी हुई है। वर्तमान में निगम ने 482 एलईडी करीब साढ़े 9 लाख रुपए खर्च कर मंगाए हैं। इनमें 24, 30 और 35 वाट के एलईडी शामिल हैं। इसके अलावा करीब 10 लाख रुपए से फोकल एलईडी करीब 350 वाट क्षमता का 50 नग का मंगाया गया है। इसे मिनी स्टेडियम में लगाया जाना है। इन एलईडी के उपयोग और सप्लाई को लेकर ही गतिरोध शुरू हो गया है।

### व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार तो पार्षद करेंगे उग्र आंदोलन

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी पार्षदों ने कहा कि समस्या का निराकरण जल्द नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन करेंगे। वार्डों की जनता को लाकर निगम में महापौर अल्का बाघमार के सामने प्रदर्शन करेंगे। 10 दिन पहले जब एलईडी की खरीदी हो चुकी है। सप्लाई भी हो चुकी है, तो इसे वार्डों में क्यों नहीं भेजा जा रहा। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने आरोप लगाया कि केवल भाजपा पार्षदों वाले वार्डों में इन एलईडी को लगाए जाने की तैयारी थी। इसलिए निर्दलीय और कांग्रेसी पार्षदों ने विरोध किया। खबर है कि घटिया क्वालिटी के एलईडी की खरीदी की गई है। 15वें वित्त आयोग के पैसे से खरीदी की गई है। इसमें सारे नियम कायदों को ताक पर रखा गया है। इसे लेकर जांच होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान पार्षद दीपक साहू, विजयंत पटेल, भास्कर कुंडले, डॉ. पायल पाटिल, मनीष बघेल, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, मनदीप सिंह भाटिया, विजेन्द्र भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे।

### सात साल पहले लगाई गई एलईडी बदली नहीं जा रही

जानकारी के मुताबिक 7 साल पहले इन एलईडी को लगाया गया था। छत्तीसगढ़ शासन की एलईडी पथ प्रकाश योजना के अंतर्गत उस समय 18780 एलईडी लगाई गई। इसके बाद जरुरत के हिसाब से स्ट्रीट लाइट की संख्या में बढ़ोतरी की गई। हर वार्ड में 60 से 50 एलईडी बंद हैं, जिनके मेंटेनेंस के लिए वार्ड के पार्षद निगम के विद्युत विभाग के चक्कर काट रहे हैं। निगम ने ब्यूरो ऑफ एनर्जी फिशिएंसी द्वारा अक्षय ऊर्जा एजेंसी के माध्यम से शहर में एलईडी लगाई गई है। इस पर करीब 5 करोड़ 26 लाख 33 हजार 866 रुपए खर्च किया गया है। निगम क्षेत्र में एजेंसी ने 18780 एलईडी लगाए थे। इसके एवज में 7 साल बाद शासन स्तर पर एजेंसी को 10 करोड़ 64 लाख 76 हजार 38 रुपए जारी किया जाना है। इसमें इन 7 सालों में मेटनेंस व अन्य सभी कार्य शामिल हैं। वर्तमान में पिछले 6 महीने से कार्य एजेंसी के कर्मचारी हड़ताल पर हैं। वे भुगतान की मांग कर रहे हैं। शासन स्तर पर दो साल से उन्हें भुगतान नहीं किया गया है। इस वजह से स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बिगड़ी हुई है।

### समान रूप से होगा वितरण

ताला लगाने जैसी कोई बात नहीं है। एलईडी आ चुकी है, हमारे अधिकारी उनकी जांच कर रहे हैं। जल्द ही सभी वार्डों में समान रूप से उन्हें भेजा जाएगा। पूर्व की शहर सरकार की अनियमितता के कारण स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस प्रभावित हुआ है। हमारा प्रयास है कि जल्द ही सभी जगहों पर मेंटेनेंस का काम पूरा किया जाए।

**-ज्ञानेश्वर ताम्रकार,**
प्रभारी विद्युत विभाग नगर निगम दुर्ग

# विवाहिता के फांसी मामले में आर्मी जवान समेत परिजन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- पति, सास, ससुर और महिला गिरफ्त में, मोहन नगर पुलिस की कार्रवाई
- पांच दिन पहले की है घटना, पति पर था दूसरी महिला से संबंध का शक

विवाहिता के आत्महत्या मामले में पुलिस ने पति, सास, ससुर और एक महिला को गिरफ्तार किया है। आईपीएस हर्षित मेहर ने बताया कि पांच दिन पहले शंकर नगर दुर्ग निवासी प्रीति सिंह अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु किया।

तब पता चला कि आर्मी जवान पति मुकेश सिंह, ससुर आमेश्वर सिंह, सास गिरिजा देवी और योगिता दुबे ने मृतका को प्रताड़ित किया था। इस दौरान उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इससे परेशान होकर प्रीति मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका ने सारे सबूत परिजनों को वाट्सअप कर दिया। उसमें ससुराल वालों की सारी जानकारी उसमें पाए गए। मृतका के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई और सुराग हाथ लगने पर गिरफ्तार कर जांच में लिया है। गौरतलब हो कि पति मुकेश सिंह आर्मी का जवान है जो राजस्थान में पदस्थ है। उसने पुलिस को बताया था कि मृतका को शक की बीमारी थी उसका उपचार रांची में कराया था। इसके अलावा पति पर उसने महिला के साथ संबंध होने का आरोप भी लगाया था। कार्रवाई में मोहन नगर थाना प्रभारी केशव राम कोशले समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# आर्थिक तंगी से परेशान पेंटर ने लगाई फांसी

## पत्नी की भी बीमारी से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आर्थिक तंगी से परेशान पेंटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उसके 12 घंटे बाद उनकी पत्नी की भी मौत हो गई। घटना सिकोला बस्ती की है। मोहन के मुताबिक सिकोला बस्ती जैतखाम के पास रहने वाला पेंटर तिलक कुर्रे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।





गटना के 12 घंटे बाद उनकी पत्नी शीतल कुर्रे बीमार होने के काण मौत हो गई। कुर्रे परिवार में दो बेटे है। जिसमें बड़ा बेटा जेल में है दूसरा नाबालिग है। बताया जा रहा है कि पत्नी मजदूरी कर परिवार चलाने में मदद करती थी। परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। इसी बीच शीतल को आंत की बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उसका बड़ा ऑपरेशन हुआ, जिसमें 10 यूनिट खून चढ़ाया गया। ऑपरेशन सफल रहा, लेकिन अस्पताल के खर्च ने परिवार की आर्थिक रुप से खराब हो गई। घर का बिजली भी कट चुकी थी। पूरी जिम्मेदारी नाबालिग बेटे पर आ गई थी। इन परिस्थितियों से टूटकर 31 अगस्त की शाम 4 बजे तिलक ने घर पर फांसी लगा ली। वहीं डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद 1 सितंबर की सुबह 5 बजे शीतल ने भी दम तोड़ दिया।

# दुर्ग जिले में नारकोटिक्स एक्ट के तहत बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों को किया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग पुलिस ने भारी मात्रा में नशे से जुड़ी चीजों को नष्ट किया। इसके लिए एक जिला स्तर पर टीम बनाई गई थी। इस ड्रग्स डिस्पोजल समिति के अध्यक्ष एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी थानों में नारकोटक्सि एक्ट (एनडीपीएस एक्ट) के तहत जप्त मादक पदार्थों को नेवई थाने में मंगाया गया। इसे बाद उसे बीएसपी में जलाया गया और थाने में नष्ट किया गया। नष्टीकरण के दौरान उक्त समिति के सदस्य एएसपी सुखनंदन राठौर, सहायक आबकारी आयुक्त सीआर साहू मौजूद थे।



### इतनी मात्रा में नष्ट किया गया मदक पदार्थ

पुलिस ने 239 प्रकरणों जब्त किया गया 1620 किलोग्राम गांजा, 8 किलोग्राम गांजा पेड़, 277.29 ग्राम हेरोइन, 214.39 ग्राम ब्राउन शुगर, 194856 नग टेबलेट, 76258 नग कैप्सूल सहित 1212 नग सिरप की बोतल, 1400 नग इंजेक्शन को नष्ट किया गया।

## जुनवानी चौक पर स्थित सरकारी शराब दुकान का मामला

# दुकान बंद फिर भी देर रात तक बिक रही शराब जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई के जुनवानी सूर्या मॉल चौक स्थित सरकारी शराब दुकान के सामने देर रात तक शराब लेने वालों का आना जाना लगा रहता है। दुकान बंद होने का समय रात 10 बजे है, लेकिन यहां रात 12 बजे तक शराब बेची जा रही है। रविवार रात 11.30 बजे जुनवानी स्थित शराब दुकान का आधा शटर खुला हुआ था।

थोड़ी देर रुककर देखने पर पता चला कि दुकान में जिस गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है वो लोगों से पैसा लेकर दुकान में जाता है और अंदर बैठे दुकान के सेल्समैन बिना स्कैन किए शराब की बोतल गार्ड को थमा देते हैं। इस तरह गार्ड के माध्यम से धड़ल्ले से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इस बारे में जब सहायक आयुक्त आबकारी दुर्ग सीआर साहू से बात की गई तो उन्होंने दावा किया ऐसा नहीं हो सकता है। उन्होंने बताया कि रात 10 बजे के बाद आटो मैटिक शराब की बोतल की स्कैनिंग रुक जाती है। उन्होंने आशंका जताई की दुकान के सेल्समैन पहले से कुछ शराब की बोतल को स्कैन करके रख लेते होंगे और फिर उसे अधिक दर पर बेच रहे होंगे। उन्होंने कहा कि इसकी जांच कराई जाएगी अगर ऐसा पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




### मिलावटी शराब बेचते पकड़ाए, लेकिन नहीं हुई कार्रवाई

एक महीने पहले ही सिविक सेंटर स्थित शराब दुकान में उड़नदस्ता टीम ने सील ओपन शराब की बोतल जब्त की थी। टीम के अधिकारियों ने बताया कि यहां शराब में मिलावट करके उसे बेचा जा रहा है। इसके बाद भी आबकारी विभाग ने केवल सेल्समैन को हटाया, लेकिन जिस एजेंसी के अंडर में ये कर्मचारी काम कर रहे हैं उसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई।







# एसएलआरएम सेंटर के आसपास गंदगी देख मेयर ने फटकारा, ठेकेदार को जारी होगा नोटिस

**महापौर ने सफाई दरोगा को लगाई जमकर फटकार, नालियों की सफाई के साथ नाली के ऊपर अतिक्रमण हटाने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने सोमवार की सुबह वार्ड 18 और 19 का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ निगम लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल,पार्षद रंजीता पाटिल, सवित्री दमाहे, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, उपअभियन्ता विकास दमाहे सहित अन्य मौजूद थे। सुबह 9:30 बजे शुरू हुए निरीक्षण के दौरान महापौर ने गलियों और नालियों का निरीक्षण किया। स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर जब उन्होंने राइस मिल के पीछे बड़ी गलियों और नालियों की स्थिति देखी तो वहां भारी गंदगी पाई। सफाई कार्य में गंभीर लापरवाही देखकर वे नाराज़ हुईं और मौके पर ही सफाई दरोगा को फटकार लगाते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को कार्रवाही करने के निर्देश दिए।

महापौर ने अधिकारियों और सफाई अमले को स्पष्ट आदेश दिए कि वार्ड की गलियों और बड़ी-छोटी नालियों की सफाई तल तक की जाए। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए और इस संबंध में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### ठेकेदार की लापरवारी के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित

कैलाश नगर वार्ड 19 व 18 वार्ड के बीच निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही के कारण निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बड़ी नालियों के अंदर सेंट्रिंग मटेरियल छोड़े जाने से पानी की निकासी बाधित हो रही थी। इस पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश लोक कर्म प्रभारी श्री चंद्राकर ने अधिकारियों को दिए। महापौर ने क्षेत्र में जगह-जगह नालियों और गलियों के ऊपर अस्थाई निर्माण और अतिक्रमण देखकर नाराज़गी जताई और तुरंत बेदखली का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि आगे यदि इस तरह की लापरवाही या अवैध निर्माण पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### 125वें एपिसोड का पुरैना मंडल में सुनी मन की बात



उतई। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान व प्रदेश संगठन के निर्देश पर जिला भाजपा के मार्गदर्शन में मरोदा पुरेना मंडल के शक्ति केन्द्र डुन्डेरा के बुथ क्रमांक 156 में सभी वर्ग के लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात एपिसोड 125 का श्रवण किया।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता केशव महिपाल, नारायण निर्मलकर,बूथ अध्यक्ष रंजना मानिकपुरी, योगेश धनकर, योगेश महिपाल भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता, अंजू देवांगन, कमलेश वर्मा, लवण्या साहू,हिंछाराम महिपाल,वैष्णवी ठाकुर, मोनिका सारथी शंकर दास महिलांगे, चंद्रहास ,जागृति ढीमर,नामदेव निषाद ,रौनक साहू, धवल निषाद, देवेंद्र महिपाल एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### चंदखुरी शक्ति केंद्र पर बूथ में सुनी मन की बात

अंडा। मां की बात कार्यक्रम का 125 वां एपिसोड दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के चंदखुरी शक्ति केंद्र पर बूथ क्रमांक 79, 79, 80, 81, 82, 83, 84 के बस स्टैंड चौक के सुजाता होटल व रेस्टोरेंट पर बैठकर मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन और प्रभारी राजू चंद्राकर बूथ अध्यक्ष नरसिंह यादव, पोषण देवांगन, संजय बघेल, सुशील देवांगन, भूपेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी पिछले 15 दिनों से हड़ताल पर

# हड़ताली कर्मियों को सांसद का मिला समर्थन सरकारी अस्पतालों में मरीज होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई/दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हज़ार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी जो 18 अगस्त से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन पर हैं। आंदोलन के 15 वें दिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला के करीब 200 कर्मचारियो ने जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा के नेतृत्व में सांसद विजय बघेल से मुलाकात की।

सांसद ने इस दौरान वाजिब मांगों का समर्थन किया। इस पर संगठन ने उनका आभार व्यक्त किया।बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी विगत 20 सालों से काम कर रहे हैं। हमने घोषणा पत्र में भी इनकी मांगो को सम्मिलित किया था। 100 दिन में नियमितीकरण के लिए कमेटी बनाने, संघ के सदस्य को सम्मिलित करने का वादा हमने किया था। राज्य स्तर की मांगे माननीय मुख्यमंत्री और केंद्र स्तर की मांगे केंद्र से पूरी कराने पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी चर्चा करके जल्दी मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया। आंदोलन के स्वरूप के बारे में बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी ने बताया कि, विधानसभा चुनाव 2023 में भारतीय जनता पार्टी ने मोदी की गारंटी का नारा देते हुए अपना घोषणा पत्र बनाया जिसमें हम एनएचएम के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का वादा किया गया है। इस सरकार के कार्यकाल में 170 से अधिक ज्ञापन देने के पश्चात कोई सुनवाई न होने पर विवश होकर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत 16 हज़ार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं।



### दो दशक बाद भी शोषण की पराकाष्ठा, जारी रहेगी लड़ाई

दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा ने जानकारी दी कि शोषण की पराकाष्ठा हो चुकी है। 20 साल का शोषण का समय छोटा मोटा समय नहीं, 20 साल में से 15 साल भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार थी। दूसरे राज्यों से यहां के कर्मचारियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इसी के विरोध में हमने शासन के दमन के आगे ना झुकने का फैसला किया है। पिछले दिनों हमने केस दान किया था। नोटिस की प्रति फाड़ कर विरोध करेंगे।

### 5 मांगे मान ली गईं हैं यह शासन का दुष्प्रचार है

हड़ताली कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री जी के इस बयान का भी खंडन किया है कि एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की 10 सूत्री मांगों में से पांच मांगे पूरी कर दी गई है। कर्मचारियों का कहना है कि यह पूरी तरह से सही नहीं है। भ्रामक बात है। केवल दो ऐसी मांग है जिस पर सर्कुलर जारी हुआ है। अन्य किसी भी मांग पर उचित निर्णय नहीं लिया गया है। मांगों के स्वरूप को बदलने का प्रयास शासन- प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। दो दशकों से शोषित, पीड़ित, अल्प वेतन में काम कर रहे एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने नियमितीकरण, स्थाईकरण पब्लिक हेल्थ कैडर, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति जैसी जरूरी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

## शास्त्री हॉस्पिटल सुपेला में हड़ताल का असर, मरीज होते रहे परेशान

भिलाई। लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी बेमुद्दत हड़ताल के कारण जिला अस्पताल दुर्ग और शासकीय शास्त्री अस्पताल सुपेला में मरीजों के साथ कार्यरत चिकित्सा कर्मियों व डाक्टरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हड़ताल के चलते सोमवार को भी दोनों अस्पतालों में कामकाज प्रभावित हुआ। छग एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले सामाजिक सुरक्षा के लिए संविलियन और स्थाईकरण सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर प्रदेश के साथ जिला के एनएचएम कर्मी 18 अगस्त से प्रांतव्यापी हड़ताल पर हैं। कर्मचारी संघ के मुताबिक जिले में 850 और राज्य में 16 हजार एनएचएम कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताली एनएचएम कर्मियों में नर्स, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय, ड्रेसर, ओटी असिस्टेंड आदि कर्मी शामिल हैं। इससे जिला चिकित्सालय व सुपेला अस्पताल सहित ट्विनसिटी के सभी शासकीय अस्पतालों में ओपीडी,वार्ड कैजुअल्टी, इंजेक्शन रुम, मेडिसीन आदि विभागों में मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।

### शासकीय सुपेला अस्पताल में बढ़ा वर्कलोड

एनएचएम कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से शासकीय सुपेला अस्पताल मरीजों को दिक्कतों के साथ डाक्टरों सहित ड्यूटी करने वाले नियमित स्टाफ को भी हलाकान होना पड़ा। डाक्टरों के कक्ष में मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। वहीं इंजेक्शन लगवाने भी एक ही नर्स होने के कारण लोग इंतजार करते रहे। विदित हो कि सुपेला अस्पताल में डाक्टरों सहित अन्य स्टाफ की भारी कमी है। सेंग्शन पोस्ट के बहुत कम स्टाफ से अस्पताल प्रशासन काम चलाने की कोशिश कर रहा है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। मरीजों ने बताया कि सुपेला अस्पताल शहर के मध्य में होने से भिलाई और आसपास के मरीज यहां आते हैं। इसे देखते हुए शासन का जल्द स्टाफ सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवान की जरुरत है।

## मंत्री गजेन्द्र का कांग्रेस पर हमला कहा- अमर्यादित भाषा बोलने के आदी हो चुके हैं कांग्रेस के नेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दरभंगा की सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी स्व. माताजी के लिए किए गए अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल पर कहा कि कांग्रेस पार्टी अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने की आदी हो चुकी है।

मां का अपमान कांग्रेस की पहचान बन गई है। दरभंगा की सभा में जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, उसके मूल में स्वयं राहुल गांधी है। यदि उनके हाल के भाषणों को विश्लेषण किया जाए तो स्पष्ट होता है कि वे पिछले कई दिनों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तू कहकर संबोधित कर रहे हैं, जो मर्यादा की पूरी तरह से अवहेलना है। आज इस बिहार की जनता राहुल गांधी की भाषा को देख परख रही है और निश्चित ही इसका उत्तर आनेवाले समय में देगी। कांग्रेस के लिए अभद्र भाषा कोई नहीं बात नहीं है, संसद सत्र के दौरान पूरे राष्ट्र ने देखा कि कांग्रेस सांसद वेल में खड़े होकर लगातार चोर चोर के नारे लगा रहे थे, स्थिति इतनी गंभीर हुई कि लोकसभा के अध्यक्ष को स्वयं यह कहना पड़ा की भाषा की मर्यादा चकनाचूर हो गई है।

■ पीएम मोदी और उनकी स्व. माता पर किए गए अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल पर बोले केबिनेट मंत्री यादव

आज राहुल गांधी स्वयं कांग्रेस के नए मणिशंकर अय्यर बन गए हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी में मणि शंकर अय्यर के जाने के बाद एक ऐसे व्यक्ति की कमी थी, उस रिक्त स्थान को राहुल गांधी ने स्वयं भर दिया है। यह बातें केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने जिला भाजपा कार्यालय में कहीं। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष चिम्मन देशमुख, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद रहे। गजेंद्र ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष ने लगभग सभी संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाया है। राहुल गांधी और कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट तक को सड़कों पर घसीटा, न्यायाधीशों पर आरोप लगाए गए और फैसलों पर पक्षपात का ठप्पा लगाया गया, यह सीधे-सीधे सुप्रीम कोर्ट पर हमला है। इसी प्रकार आज चुनाव आयोग को भी रोज अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ता है, क्योंकि हर बार आयोग पर आए दिन आधारहीन आरोप लगाए जाते हैं।

# प्राचार्य पदोन्नति फोरम ने जताया स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

स्कूल शिक्षा विभाग के ट्राइबल क्षेत्र टी संवर्ग में विगत 2013 से लंबित प्राचार्य पदोन्नति की प्रक्रिया पर त्वरित निर्णय लेकर 29 अगस्त को व्याख्याता एवं प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय से 1222 पदोन्नत प्राचार्यों की पदस्थापना आदेश जारी करने को लेकर प्राचार्य पदोन्नति फोरम के संयोजक अनिल शुक्ला ने प्रतिनिधि मंडल के साथ मंत्री गजेंद्र यादव का उनके निवास में मिठाई खिलाकर स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आभार व्यक्त किया।

■ प्राचार्य पदोन्नति फोरम ने मंत्री के सामने रखी बात

शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्राचार्यों की पदस्थापना हो जाने से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि एवं प्रशानिक कसावट आएगी। स्कूल शिक्षा मंत्री का पदभार ग्रहण करते ही सबसे पहली फाइल में प्राचार्यों की पदस्थापना को अनुमोदित कर उन्होंने त्वरित निर्णय लेने की कार्य शैली को उजागर किया। मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि ई संवर्ग के पदोन्नत प्राचार्यों की भी पदस्थापना आदेश शीघ्र जारी होंगे। पदोन्नति प्राचार्यों में कुछ प्राचार्यों की 31 अगस्त को सेवानिवृत को देखते हुए उन्होंने 29 अगस्त को ही आदेश जारी करने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर प्राचार्य पदोन्नति फोरम के मोहसिन अली, देवेंद्र कुमार वर्मा, राजेश द्विवेदी, विकास सिन्हा एवं आरीफ खान शामिल थे।



### मास्टर प्रवीण खिलाड़ियों को देंगे निःशुल्क प्रशिक्षण

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा राज्य के चयनित खिलाड़ियों के लिए अगस्त माह से लगातार निःशुल्क ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शतरंज प्रशिक्षण शिविर केवल तकनीकी अभ्यास का मंच ही नहीं, बल्कि खिलाड़ियों में अनुशासन, एकाग्रता और मानसिक दृढ़ता विकसित करने का साधन भी है। विशेषज्ञ कोचों से मिलने वाला मार्गदर्शन बच्चों को न केवल शतरंज की बारीकियाँ सिखाता है, बल्कि हार-जीत की मनोवैज्ञानिक तैयारी भी कराता है। पहला कैंप कैंडिडेट मास्टर रवि कुमार के निर्देशन में 9 से 14 अगस्त तक हुआ, जिसमें 18 बाल खिलाड़ियों ने भाग लिया। संघ का अगला प्रशिक्षण कैंप वरिष्ठ ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से के मार्गदर्शन में 11 से 17 सितम्बर तक छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

# यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाज़ारी के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

प्रदेश के हर जिलों के साथ-साथ दुर्ग में यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाज़ारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव वद्दूद आलम ने कहा कि हिंदी भवन के सामने में किसानों की समस्यायों पर धरना प्रदर्शन किया गया।

■ आप कार्यकर्ता जुटे जिला मुख्यालय में, शासन-प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा कि आधा खरीफ सीजन गुजर जाने के बाद भी राज्य में यूरिया की कमी किसानों के लिए चिंताजनक है। इस बार सरकार समय पर डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं करा पाई है। प्रदेश सयुंक्त सचिव देवेंद्र भाटिया ने कहा आज जो यूरिया और खाद की कमी हुई है, इसमें सरकार की नाकामी है। लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने कहा कृषि विभाग ने यूरिया और खाद की आपूर्ति के लिए कोई योजना नहीं बनाई थी। लोकसभा सचिव ज्ञान प्रकाश तिवारी ने कहा प्रदेश के कुछ जगहों पर परेशान किसानों द्वारा आत्महत्या करने की भी कोशिश की है। जिला पदाधिकारी रवि साहू ने कहा लेकिन सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। दुर्ग नगर निगम अध्यक्ष संजय सिंह छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन के लिए किसानों ने करीब 1200 करोड रुपए का कर्ज लेकर धान और अन्य फसलों की जैसे तैसे खाद की कमी के बावजूद बुवाई की है लेकिन सही समय पर यूरिया की कमी से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिला पदाधिकारी दिवाकर ठाकुर ने कहा बारिश के इस महत्वपूर्ण समय में यूरिया की अनुपलब्धता से फसल उत्पादन पर असर पड़ने का भी खतरा मंडरा रहा है।

आम आदमी पार्टी ने गंभीर आरोप लगाया किसानों को 266 रूपये में मिलने वाला यूरिया 1200 में लेना पड़ रहा है। पहले 1350 रुपए प्रति बैग वाली डीएपी को 2200 रूपये में निजी विक्रेताओं से मजबूरी में खरीदना पड़ा था। यूरिया की किल्लत और कालाबाज़ारी से राज्य के किसान परेशान हैं।प्रदेश सरकार की नाकामी से सबका पेट भरने वाला किसान आज परेशान हैं। इस अवसर पर अजय रामटेके, सतीश साहू, चुम्मान साहू सहित अन्य मौजूद थे।




**खोरपा निवासी ने मुआवजा राशि प्रदान करने दिया आवेदन, 102 आवेदन आए**

# प्राकृतिक आपदा से हुआ नुकसान, जनदर्शन पहुंची समूह की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 102 आवेदन प्राप्त हुए।

धमधा विकासखण्ड के वीर महिला ग्राम संगठन सण्डी (बिहान) की महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान को लेकर आर्थिक सहायता की मांग की। महिलाओं ने बताया कि समूह विगत 2022 से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मुर्गी पालन का कार्य कर रही है। हाल ही में हुए बारिश व तूफान से उनका मुर्गी पालन केंद्र पूरी तरह नष्ट हो गया, जिससे उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। समूह ने ऋण लेकर यह व्यवसाय शुरू किया था और समय पर भुगतान भी किया गया। केंद्र की मरम्मत और व्यवसाय को पुनः शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता हेतु आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने सीईओ धमधा को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

### खोरपा के किसान को अब तक नहीं मिला मुआवजा, कलेक्टर से की शिकायत

खोरपा वार्ड क्रमांक 13 पाटन निवासी ने अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि प्रदान करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उतई-तरीघाट-पाटन मार्ग के निर्माण हेतु उनकी निजी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। सड़क निर्माण कार्य कुछ ही महीनों में पूरा हो गया, लेकिन अब तक उन्हें मुआवजा राशि नहीं मिला है। इस संबंध में उनके द्वारा लोक निर्माण विभाग में भी आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने जल्द से जल्द मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की ताकि वे अपने जर्जर हुए मकान का निर्माण कर सकें। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम पाटन को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### आदिवासी बालक छात्रावास में नहीं स्थाई अधीक्षक



शासकीय पोस्ट मैट्रिकोत्तर आदिवासी बालक छात्रावास के छात्रों ने स्थाई अधीक्षक नियुक्ति करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि एक स्थानीय छात्रावास में स्थायी अधीक्षक की नियुक्ति न होने के कारण छात्रों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने जल्द से जल्द स्थायी अधीक्षक की नियुक्ति करने की मांग की ताकि उन्हें मूलभूत सुविधाएं समय पर मिल सकें। आजाद पारा भिलाई वार्ड क्रमांक 14 के निवासी ने आवास सहायता की मांग की। उन्होंने बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से कच्चे मकान में रह रहे हैं, जो अब पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुका है। बारिश में घर में पानी भर जाता है और दीवारें टूट चुकी हैं। वह मोची का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। एक हादसे में उनका दाहिना हाथ फेक्चर हो गया था, जिससे अब वे पूरी तरह से काम करने में असमर्थ हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना या किसी अन्य माध्यम से पक्का मकान उपलब्ध कराने आवेदन दिया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**सूचना पत्र**
क्रमांक Q रा. नि. 2025, कोहका, दिनांकः 01/09/2025
प्रति, 1. आवेदक सूरजमल जैन पिता स्व. मिश्रीलाल जैन निवासी काकरिया हाउस मोतीपारा दुर्ग 2. संजय कुमार निषाद आ.श्री. भरत जी निषाद निवासी- एल. आई.जी 21 वैशाली नगर भिलाई 3. नौशाद अहमद सीद्दिकी 4. अनिता छिपेकर पति धनेन्द्र निवासी : कोहका भिलाई
विषयःस्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत। ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा. नि.मं. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1702/1 रकबा 6440 वर्गफीट का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक A/05/R-A5/25/2023 दिनांक 06/01/2025 के परिपालन में दिनांक 04/09/2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
**राजस्व निरीक्षक**
**कोहका**

**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**
**// सूचना //**
मामले का विषय - पुनरीक्षण प्रकरण
मामला का क्रमांक - 883/ब-121/ वर्ष 2022-23 पक्षकार-हुकुमचंद विरूद्ध मनहरण वगैरह
1. सुरेश पिता खेलावन
2. दशरथ पिता चिराजी निवासी-ग्राम बेलतरा तह थानखम्हरिया जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता हुकुमचंद पिता रूपसिंह निवासी ग्राम बेलतरा तह थानखम्हरिया जिला बेमेतरा के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला-बेमेतरा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202303230200024 ब-121 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 21.08.2023 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा-50 के तहत पुनरीक्षण प्रकरण प्रस्तुत किया गया है। उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 25.09.2025 दिन-गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी। अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
जारी दिनांक 14.08.2025
**आयुक्त**
**दुर्ग संभाग, दुर्ग**

## खबर संक्षेप



### अकलोरडीह में बच्चों को मिला न्योता भोजन

**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला अकलोरडीह में सत्येन्द्र मंड़पे एवं प्रतिभा मंड़पे ने अपनी पुत्री प्रज्ञा मंड़पे के जन्मदिन पर छात्रों को न्योता भोजन कराया। जिसमें केला, समोसा, मिठाई व चॉकलेट का वितरण किया। इस दौरान प्रधान पाठक डीआर सहारे, करूणा सहारे व शाला स्टाफ उपस्थित थे।

### चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रीय समाज के अध्यक्ष बने प्रदीप



**अंडा।** चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रीय समाज दुर्ग राज का चुनाव ग्राम कुथरेल चंद्राकर भवन में सम्पन्न हुआ। जिसमें बालोद राजनांदगांव एवं दुर्ग जिला मिलाकर दुर्ग राज का चुनाव होता है। चुनाव सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक सम्पन्न हुआ। सभी पदों के लिए एक से अधिक प्रत्याशी होने की वजह से अश्वनी चंद्राकर के नेतृत्व वाली समूह में प्रदीप चंद्राकर अध्यक्ष, चंद्रकिशोर चंद्राकर उपाध्यक्ष, शिव चंद्राकर सचिव,रोहित चंद्राकर कोषाध्यक्ष, राजेश चंद्राकर संगठन मंत्री, अश्वनी चंद्राकर केंद्रीय प्रतिनिधि, कुंदन चंद्राकर केंद्रीय प्रतिनिधि, लवकुश चंद्राकर केंद्रीय प्रतिनिधि, तोरण चंद्राकर केंद्रीय प्रतिनिधि, विजय चंद्राकर केंद्रीय प्रतिनिधि, नीता चंद्राकर केंद्रीय महिला प्रतिनिधि, सरला चंद्राकर केंद्रीय महिला प्रतिनिधि, के रूप में चुन कर समाज को नई दिशा देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पदाधिकारीयों को दीनानाथ चंद्राकर, नमूल चंद्राकर, के. के. राजू, चेतन चंद्राकर, रोहित आदि ने बधाई दी।

### निधन

### विमला देवी सोनी



**दुर्ग।** दीपक नगर निवासी विमला देवी सोनी उम्र 81 वर्ष का निधन 1 सितंबर को गाजीपुर उत्तर प्रदेश में हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गाजीपुर में किया जाएगा। वे स्व.श्याम बिहारी सोनी की पत्नी एवं पार्षद मनोज सोनी की मां थीं।

## डुमरडीह में कोसरिया यादव समाज का तीज मिलन समारोह आयोजित

# सभी त्योहार अच्छाई, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक होते हैं : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

सर्किल कोड़िया कोसरिया यादव समाज के तत्वावधान में रविवार को तीज मिलन समारोह बजरंग चौक डुमरडीह में रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री, छग शासन ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता ओम बाई यादव अध्यक्ष महिला कोसरिया यादव समाज कोड़िया सर्किल, विशिष्ट अतिथि राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग झमित गायकवाड़ सदस्य, बरातू राम यादव, जनपद पंचायत दुर्ग, धर्मेन्द्र बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत डुमरडीह, श्रद्धा पुरेन्द्र साहू जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, बोधन राम यादव अध्यक्ष जिला यादव महासभा दुर्ग, रामचंद यादव उपाध्यक्ष जिला यादव महासभा दुर्ग, शंकर लाल यादव सचिव जिला यादव महासभा दुर्ग, प्रीतम यादव अध्यक्ष जिला युवा प्रकोष्ट दुर्ग, अर्चना यादव अध्यक्ष जिला महिला प्रकोष्ट दुर्ग उपस्थित थे। खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जैसे कबड्डी, सुरीली कुर्सी, घड़ा दौड़, सुआ गीत, फुग्गा फोड़, तीज क्वीन राऊत नृत्य, आलू दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### तीज मिलन समारोह में हुए विविध कार्यक्रम



इस अवसर पर मुख्यातिथि ताम्रध्वज साहू ने आप सभी को तीज पर्व की बधाई देते हुए कहा कि हर त्योहार अच्छाई, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक होता है और ऐसे आयोजनों से समाज को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को कहा कि वे इस अवसर को आत्मिक बल और सामाजिक सद्भावना को बढ़ाने के संकल्प के रूप में लें और भविष्य में इस आयोजन को और अधिक भव्यता के साथ मनाएं। इस तरह के आयोजन कर युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों, जैसे शिक्षा, व्यवसाय, खेल और सामाजिक सेवा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज की एकजुटता बढ़ती है।

कार्यक्रम का मंच संचालन नई दिल्ली से सम्मानित खिलेन्द्र संजू यादव ने किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश यादव, हरीश यादव, सर्किल यादव महिला प्रकोष्ट पदाधिकारी अध्यक्ष ओमबाई यादव, चंचल यादव, दमयंतीन यादव, सरोज यादव, सारिका यादव, लोकेश्वरी यादव, तारामती यादव, चंद्रिका यादव, पूर्णिमा यादव, सलाहकार जागेश्वरी, पूजा, लक्ष्मी, सुनीति, रेवती, संतोषी, रमला, सर्किल यादव पदाधिकारी राम यादव, बरातू राम यादव, देमन लाल यादव, रामेश्वर रावत, मंतराम यादव, चुम्मन यादव, सर्किल यादव युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारी कोमल यादव, सेवक राम यादव, जयदेव यादव, डोमेन्द्र यादव, मिलन यादव, नारायण यादव, नरेन्द्र यादव सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शहीद डोमेश्वर की स्मृति दिवस पर किया पौधरोपण

**जामगांव आर।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव-आर, भरर में शहीद डोमेश्वर साहू पुण्यतिथि दिवस मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नरेशधर दीवान ने डोमेश्वर साहू के जीवनवृत्त बताते हुए बताया कि 1 सितंबर 2018 को जम्मू कश्मीर सीमा रेखा पर पाकिस्तानी आंतकियों से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम में डोमेश्वर साहू के बड़े भाई गिरीश कुमार साहू, पुत्र आयुष साहू, भतीजी तुकेश्वरी साहू उपस्थित थे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने शहीद के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए महाविद्यालय परिवार के तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया, उन्होने कहा कि हम सब भाग्यशाली हैं कि ऐसे वीर सपूत के नाम पर महाविद्यालय का नाम है। इस अवसर पर उनकी याद में उनके नाम पर उनके पुत्र आयुष साहू के द्वारा एक पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर प्रो. नीता कुम्भारे, प्रो. आरके तिवारी, डॉ. आबिद हसन खान, डॉ. अरूणेन्द्र कुमार तिवारी, डॉ. संतोष कुमार पांडेय, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, डॉ. लता मारकण्डे, मेजराम जोशी, पीएम शर्मा, गिरीश देशपांडे, उमेश मंडावी एवं बड़ी संख्या में पुष्पांजली अर्पित किया। महाविद्यालय परिवार के साथ-साथ अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित होकर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित किये तथा दो मिनट का मौनधारण किया गया।



## 25 दिवसीय आवासीय योग शिविर 17 से



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

कुमकुम आरोग्य केंद्र में पतंजलि योग समिति के तहसील समिति की बैठक नरेंद्र पटेल जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति के अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में तहसील समिति के पुनर्गठन एवं विस्तार पर चर्चा हुई एवं पांच सदस्यीय समिति गठित की गई जिनके प्रस्ताव पर आगे समिति का पुनर्गठन विस्तार किया जाएगा इस पांच सदस्य समिति में लालाराम वर्मा, आसकरण जैन, राम अवतार चंद्राकर, धीरेंद्र वर्मा एवं महेंद्र साहू होंगे जो प्रस्ताव बनाकर जिला समिति को एक सप्ताह के अंदर प्रदान करेंगे। साथ ही निर्णय हुआ की पाटन क्षेत्र में योग के प्रचार प्रसार हेतु सहयोगी योग शिक्षकों का निर्माण हेतु सहयोगी योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर बृहद रूप से पाटन क्षेत्र में लगाया जाएगा। जिससे गांव-गांव तक योग आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य हेतु कार्य किया जा सके। इसमें 25 दिवसीय योग शिविर का आयोजन दिनांक 17 सितंबर से 12 अक्टूबर 2025 तक किया जाना है जिसमें जिले भर के सभी लोग योग प्रशिक्षित कर प्रमाण पत्र के साथ हर जगह योग मय बनाने का संकल्प है। इसी संकल्प के साथ प्रयास जारी है।

■ पतंजलि समिति दुर्ग और पाटन का संयुक्त आयोजन

इस बैठक में जिला पत्रिका पदाधिकारी उद्धव राम साहू, राजेश तिवारी, जेआर बिसेन, श्रुति, राम साहू आदि के साथ ही पाटन क्षेत्र के उभय राम, राजेंद्र कुमार साहू, अनीता सोनी, सुनीता सोनी, प्रियंका चंद्राकर, राकेश साहू, अंजू बैरागी, टिकेश्वर पटेल योग शिक्षक रायपुर आदि की उपस्थिति रही।

## भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 124वां संस्करण रविवार को भाजपा उतई मंडल के ग्राम खोपली के बूथ क्रमांक 172 पर सुना गया। इस दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप भाजपा उतई मंडल महामंत्री प्रवीण यदु, उपसरपंच देवेंद्र भारती, सेवा सहकारी समिति मर्यादित उतई अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, संतोष साहू, अखिलेश चंद्राकर, कामदेव, रमेश वर्मा, केशव,डोमेद्र,ओमप्रकाश सपहा,त्रिभुवन साहू, झुम्मन काकडे, लीलाधर कौशिक, संतोष कौशिक, करण देशमुख, राजूलाल साहू, शुभम वर्मा, विक्की चंद्राकरर और मंशा भारती सहित अधिक सांख्य में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

**बिजनेस साइट**

### खालसा कॉलेज में खेल दिवस पर हुआ खेल उत्सव का आयोजन

**दुर्ग।** खालसा कॉलेज दुर्ग में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय स्तर पर दो दिवसीय खेल उत्सव का आयोजन 29 एवं 30 अगस्त को किया गया। जिसमें कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुनीता बोकडे द्वारा खेल उत्सव को हरी झंडी दिखाकर खेल को जीवन का अहम हिस्सा बताया। इस दो दिवसीय खेल उत्सव में प्रथम दिवस पर चम्मच दौड़, सुई धागा दौड़, बैलेंसिंग द बुक दौड़ एवं पिट्ठू खेल खेला गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उत्सव के दूसरे दिवस पर विद्यार्थियों ने चार पत्थर, पैदल दौड़ , बैडमिंटन एवं रस्साकस्सी खेल आयोजित की गई। खेल उत्सव के समापन समारोह के अवसर पर खेल संबंधी शपथ दिलाई गई कि अपने फिटनेस को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के खेल खेलते रहेंगे एवं ऐसे ही फिट रहेंगे। इस कार्यक्रम में कॉलेज की सभी सहायक अध्यापक उपस्थित थे एवं कार्यक्रम का संचालन दिव्या सिंह द्वारा किया गया। कॉलेज प्रबन्धन द्वारा इस खेल उत्सव की प्रशंसा करते हुए इसे दैनिक दिनचर्या में शमिल करने का सुझाव दिया। यह उत्सव विद्यार्थियों में सहयोगात्मक एवं साकारात्मक उर्जा का समावेशन के लिए फलदाई रहा।



### शिविर में स्वास्थ्य संबंधी दी गई जानकारी

## मेडिकल कैंप में विद्यार्थियों की हुई चिकित्सकीय जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद



योग लंगर समिति रिसाली के तत्वाधान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धौराभाठा शनिवार को मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 61 विद्यार्थियों का चिकित्सीय जाँच उपरान्त बच्चों को टूथपेस्ट, टूथब्रश कम्पास बाक्स के साथ बिस्कुट व फल का वितरण किया गया। मेगा कैंप में डॉ. संजय जैन, एम.डी. डॉ. एस.पी. शर्मा, एम.एस. डॉ. योगेश जंघेल, एम.डी.एस और डॉ. मानवेंद्र जंघेल, एम.एस. आर्थो अपनी अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिक निगम रिसाली के सभापति केशव बंछोर, योग लंगर समिति रिसाली के संस्थापक अशोक कुमार महेश्वरी ,श्याम मनोहर सिंह, मंजू सिंह, कनक मंडल, बबिता चौधरी, अंजली शर्मा, सुमति उईके,नवीन खत्री,संजय उईके, रिंकू,अखिलेश वर्मा,अनुराधा राव,के के राव,आर एस अग्रवाल,प्रवीण किस्तवाल हाईस्कूल के प्राचार्य रेखराज भारती , अनय कुमार बंदे प्रवीण वर्मा संतोष चंद्राकर मनोज साहू डॉ सरिता साहू सहित अन्य स्कूल स्टाप शामिल हुए।

**नाम परिवर्तन**

मैं, रोहित रमण पुत्र अशोक कुमार मिश्रा, निवासी मकान संख्या - 180, राधा कृष्णा कुंज, लोटस सिटी फेज IV, परसदा रोड, कैवल्यधाम मंदिर के पास, कुम्हारी, जिला - दुर्ग - 490042, ने अपने नाबालिग पुत्र आदर्श रमण, जिसकी जन्मतिथि 16.05.2011 है और इसका आधार संख्या 534683453648 का नाम बदल दिया है और अब से उसे आदर्श मिश्रा के नाम से जाना जाएगा। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस संबंध में अन्य कानूनी आवश्यकताओं का पालन किया है। शपथ पत्र दिनांक 01/09/2025

**नाम परिवर्तन**

मैं, रोहित रमण पुत्र अशोक कुमार मिश्रा, निवासी मकान संख्या - 180, राधा कृष्णा कुंज, लोटस सिटी फेज IV, परसदा रोड, कैवल्यधाम मंदिर के पास, कुम्हारी, जिला - दुर्ग-490042, ने अपने नाबालिग पुत्री आराधिता रमण, जिसकी जन्मतिथि 20.09.2016 है और इसका आधार संख्या 720959379341 का नाम बदल दिया है और अब से उसे आराधिता मिश्रा के नाम से जाना जाएगा। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस संबंध में अन्य कानूनी आवश्यकताओं का पालन किया है। शपथ पत्र दिनांक 01/09/2025

## अंचल में गणेशोत्सव की धूम



**अंडा।** सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति अंडा जंजगिरी मोड़।



**अंडा।** नव युवक गणेश उत्सव समिति गुरुवार बजार चौक अंडा।



**अंडा।** शांति चौक युवा गणेश समिति अंडा शीतला तालाब।



**अंडा।** नव युवक गणेश उत्सव समिति पटेल पारा चिंगरी।



**जामगांव आर।** राजा गणराजा ग्रुप गणेश उत्सव धमना



**जामगांव आर।** जय हिंद बाल गणेश उत्सव समिति भाठापारा रनचीराई।



**उतई।** बजरंग ट्रस्ट गणेश उत्सव समिति गांधी चौक उतई।



**उतई।** सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति सब्जी मार्केट उतई।

## खबर संक्षेप



### अर्चना बनी तीज क्वीन

**भिलाई।** महिला समाज की शाखा सेक्टर-1 द्वारा भव्य तीज मिलन का आयोजन स्टील क्लब भिलाई में किया गया। अदिति ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के गेम हाऊजी, गानें, डांस, रेम्प वॉक का आयोजन किया गया। तीज क्वीन काम्पीटिशन में अर्चना वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रनर अप हर्ष रामटेक, सीमा लडार रहीं। अतिथि के रूप में भिलाई महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्षा स्मिता गिरी, उपाध्यक्ष हवि निगम उपाध्यक्ष रेणु रविन्द्रनाथ मौजूद थीं। सचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष, शेता तिवारी, वर्किंग कमेटी की अतिथि सपना सोनी, रूखसान शेख, नीलिमा साइ, सुधा शमी, अदिति सिंगल, माधवी ठाकरे, रश्मि पुरोहित सहित अन्य मौजूद थे।

### एसएमएस-3 में स्टील ज़ोन क्विज़ का आयोजन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में स्टील ज़ोन सेफ्टी क्विज़ का आयोजन एसएमएस-3, वर्क्स बिल्डिंग-5 के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस प्रतियोगिता में ठेका श्रमिकों ने सुरक्षा ज्ञान की उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया। कुछ विभागों से अनस्किल्ड वर्कर श्रेणी की महिला प्रतिभागियों ने भी प्रतिभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता में सात विभागों एसएमएस-2, एसएमएस-3, एमआरडी-आरएमडी, आरसीएल, ओपी-2, पीएलईएम तथा आरईडी ने भाग लिया। 21 टीमों में से एसएमएस-3 से हेमलता देवांगन, गलेन्द्र साहू और ताम्रध्वज की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय व तृतीय स्थान एसएमएस-2 से राजेश्वर प्रसाद वर्मा व सुमीत द्विवेदी तथा टी विजय कुमार और रूपेन्द्र कुमार साहू की टीम ने प्राप्त किया।

# डाक घर होने के बाद भी नहीं पहुंच रही घरों तक स्पीडपोस्ट व नॉर्मल डॉक

## कुरुद में संचालित पोस्ट ऑफिस आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में आने के बाद भी कुरुद में संचालित पोस्ट ऑफिस ग्रामीण तरीके से चल रहा है। यहां स्पीडपोस्ट और साधारण डॉक तो आती है, लेकिन संबंधित के पास पहुंच नहीं पाती है। लोगों को अपना डॉक लेने खुद चलकर पोस्ट ऑफिस तक जाना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक इस पोस्ट ऑफिस में दो महिला स्टॉफ है। इसमें एक बीपीएम मुस्कान और एबीपीएम डॉली है। मुस्कान पोस्ट ऑफिस का काम देखती है और डॉल का काम डॉक वितरण करना होता है। डॉली लोगों के घर तक डॉक पहुंचाने की जगह उन्हें फोन करके सूचित करती है कि उनका डॉक आया है। इसके बाद यदि लोग पोस्ट ऑफिस जाकर डॉक नहीं लेते तो उनकी डॉक वहीं पड़ी रह जाती है। कई लोगों का कहना है कि यदि कोई व्यस्तता के कारण नहीं डॉक लेने जा पाया तो उस डॉक को रिटर्न कर दिया जाता है। कुरुद में संचालित डॉक घर में यह समस्या पिछले कई सालों से है, लेकिन इस स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है।




### जरूरी डाक्यूमेंट्स तक नहीं पहुंच रहे पते पर

कुछ गांव के कुछ लोगों ने बताया कि कई बार उनके पैन कार्ड, बैंक एटीएम सहित नौकरी का प्रवेश पत्र और अन्य जरूरी डॉकूमेंट स्पीड पोस्ट से आता है। कुरुद पोस्ट ऑफिस में उस भी उनके घर तक समय से नहीं पहुंचाया जाता है। ना ले पाने पर या तो उसे रिटर्न भेज दिया जाता है या फिर जब तक मिलता है उसकी डेट निकल जाती है।

### बीपीएम ने कहा- नहीं है स्टॉफ

पोस्ट ऑफिस की बीपीएम मुस्कान ने बताया पोस्ट ऑफिस में वहीं दो महिला कर्मचारी हैं। डॉक बांटने की जिम्मेदारी डॉली की है। वो किसी भी डॉक एक हफ्ते से 10 दिन तक अपने पास रोक सकती है। डॉक अधिक होने वो उसे धीरे धीरे संबंधत तक पहुंचाती है।

## मजदूर हो रहे लामबंद, सीएलसी से शिकायत करने की तैयारी

# औद्योगिक क्षेत्र के हजारों ठेका मजदूर यूनियन नहीं होने का भुगत रहे खामियाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के उद्योगों के हजारों ठेका मजदूरों को वर्षों से दीपावली पर सालना बोनस के लिए तरसना पड़ रहा है। इस साल भी दुर्गापूजा व दिवाली के त्योहार के लिए माहभर बचा है लेकिन अब तक बोनस के लिए कोई सर्कुलर जारी नहीं किया गया है। मजदूरों को औद्योगिक क्षेत्र में किसी मजबूत यूनियन के नहीं होने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। श्रमिकों ने दुर्गापूजा पूर्व बोनस नहीं देने पर सीएलसी का दरवाजा खटखटाने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई का औद्योगिक क्षेत्र छत्तीसगढ़ का सबसे पुराना और सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। यहां तीन सौ से चार सौ सहायक , लघु व मध्यम उद्योगों के साथ हैवी इंडस्ट्री स्थित हैं । इनमें तीस से चालीस हजार मजदूर काम करते हैं। लेकिन पिछले कई साल से कुछ बड़े उद्योगों व ईएमएसईएस को छोड़कर अधिकतर के मजदूरों को बोनस नहीं दिया जा रहा है। या बोनस के नाम पर मिठाई या लंच बाक्स अथवा हजार रुपए पकड़ा दिए जा रहे हैं। ठेका मजदूरों ने बताया कि पिछले बीस साल से बीएसपी और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों की तरह यहां कोई मजबूत यूनियन नहीं है। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संस्थापक व महासचिव शंकर गुहानियोगी की हत्या के बाद छमुमो के विभाजित हो जाने और एटक के भी उदासीन हो जाने से मजदूर यूनियनविहीन हो गए। इसका पूरा फायदा उद्यमी उठा रहे हैं।

### अधिकतर मजदूरों को नहीं मिल पा रहा सालों से बोनस



### सिर्फ बड़े उद्योगों के नियमित कर्मियों को लाभ

औद्योगिक क्षेत्र के चुनिंदा हैवी इंडस्ट्री के नियमित कर्मियों को बोनस का लाभ मिलता है। अधिकतर ठेका श्रमिकों को टोनक गिफ्ट या बोनस नहीं दिया जाता है। मजदूरों ने बताया कि अधिकतर सहायक,लघु व मध्यम उद्योगों के ठेका मजदूरों को सालों से दुर्गापूजा पूर्व या दिवाली पूर्व बोनस नही दिया जाता है। करीद दस साल पूर्व कुछ कर्मियो के समूहों ने सहायक श्रमायुक्त का दरवाजा भी खटखटाया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजदूरों ने बताया कि कलेक्टर व उद्योग मंत्री को ज्ञापन देकर भी मांग किए थे। इस साल बोनस नहीं दिए जाने पर एएलसी को ज्ञापन देने के लिए बैठक बुलाई गई है।

### नियोगी की हत्या के बाद मजदूर सुविधा से वंचित

औद्योगिक क्षेत्र में 90 के दशक में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा नामक यूनियन का एकछत्र दबदबा था। इसके संस्थापक प्रसिद्ध श्रमिक नेता शंकर गुहानियोगी के नेतृत्व में सभी उद्योगों के हजारों मजदूर संगठित और हितों को लेकर एकजुट थे। मजदूरों ने बताया कि जीने लायक वेतन, बोनस आदि अन्य निर्धारित सुविधाओं की मांगों को लेकर श्रम विभाग, जिला प्रशासन से लेकर केंद्र सरकार व राष्ट्रपति तक मांगें पूर्ण करने की मांग को लेकर दस साल तक रैलियां ,सभाएं ,धरना प्रदर्शन और रेल रोको आंदोलन तक किए गए पर कोर्ट के आदेश बाद भी मांगें पूरी नही की गई। इस दौरान यूनियन प्रमुख नियोगी की 28 सितंबर 1991 में हत्या के बाद 1 जुलाई 92 को पावरहाउस स्टेशन में रेल रोको आंदोलन के दौरान गोलीचालन में 18 मजदूरों की जानें गईं। इसके बाद यूनियन के साथ मजदूर भी बिखर गए।

# जवाहर नगर में अवैध निर्माण तोड़ने के दौरान विरोध, जोन आयुक्त से हुई कहासुनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशालीनगर जोन-2 स्थित जवाहर नगर में कतिपय सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा मंदिर के नाम पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह से हुई शिकायत के बाद निगम ने अतिक्रमण हटाया। सोमवार को कार्रवाई के दौरान मौके पर वैशालीनगर जोन आयुक्त ऐशा लहरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं ने विरोध भी किया। इस दौरान जोन आयुक्त से कहासुनी भी हुई। बावजूद इसके निगम ने कब्जा हटा दिया। बता दें कि शहर में लगातार अतिक्रमण की शिकायतें सामने आ रही है। इसके बाद निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इधर निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने सोमवार को नेहरू नगर भेलवा तालाब में आवश्यक सुधार कार्य, जुनवानी स्थित आनंद नगर में स्वीकृत रोड निर्माण, डिजाइनर पोल एवं तालाब की साफ-सफाई का निरीक्षण किया।

■ कलेक्टर से शिकायत के बाद निगम ने की कार्रवाई

आयुक्त ने भेलवा तालाब के साफ-सफाई व्यवस्था को देखे और आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। जुनवानी स्थित आनंद नगर में नया रोड निर्माण किया जाना है। उक्त स्थल का अवलोकन कर रोड निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ करने निर्देशित किया। एजेंसी से मौके पर निगम आयुक्त द्वारा चर्चा किया गया है, जिसके अनुसार तत्काल कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## भाजपा युवा मोर्चा का प्रदर्शन, फूंका कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अपशब्द कहे जाने के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर कड़ा विरोध जताया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि बिहार के दरभंगा में इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री की स्वर्गीय माताजी के खिलाफ की गई टिप्पणी से देश की जनता आक्रोशित है। जवाब वोट के माध्यम से देकर इस तरह के लोगों और उनके दल को जनता मिट्टी में मिला देगी। युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि लोकतंत्र में विरोध के कई मर्यादित तरीके होते हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री के लिए जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया गया है, वह इंडी गठबंधन की दूषित मानसिकता को उजागर करता है. देश के प्रधानमंत्री व उनके परिवार के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना निंदनीय है. देश की गरिमा और सम्मान के खिलाफ बोलने वालों को जनता माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर वीरेंद्र साहू, प्रेमलाल साहू, बिजेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, विनोद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



# बीएसपी ओए का चुनाव 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स एसोसिएशन (ओए) ने 2025-2027 कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी के चुनावों की घोषणा कर दी है। चुनाव शुक्रवार, 19 सितंबर को होंगे। इसमें निर्धारित केंद्रों पर मतदान होगा और उसी शाम भिलाई क्लब में मतगणना शुरू होगी।

बीएसपी के आईआर विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ओए के वे सभी सदस्य जिनकी सेवानिवृत्ति 31 अगस्त 2027 को या उससे पहले नहीं होनी है, वे संबंधित क्षेत्रों के अनुसार अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे।

■ तीन से नामांकन जमा होंगे

नामांकन पत्र 3 सितंबर से 6 सितंबर तक कार्यालय समय के दौरान, मानव संसाधन विकास केंद्र के कमरा संख्या 13 में उपलब्ध हैं। कुटेश्वर माइंस में कार्यरत सदस्यों के लिए विशेष छूट दी गई है, जो रिटर्निंग ऑफिसर जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा व संदीप झा, को उनके आधिकारिक ईमेल पते पर ईमेल भेजकर नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नामांकन दाखिले की अंतिम तारीख 6 सितंबर है। वैध नामांकनों की सूची 8 सितंबर को शाम 8 बजे तक ओए कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 9 सितंबर है।



### गुप्त मतदान से होगा चुनाव

भिलाई क्लब में सुबह 9:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक, सिटीजन क्लब, राजहरा माइंस में सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक और नंदिनी माइंस गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गुप्त मतदान होगा। हिर्री माइंस और कुटेश्वर माइंस में कार्यरत सदस्य डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान करेंगे।अधिक जानकारी के लिए कर्मचारी रिटर्निंग ऑफिसर्स से कार्यालयीन समय में आईआर विभाग में संपर्क कर सकते हैं।निर्वाचन अधिकारियों ने सभी सदस्यों से मतदान और मतगणना के दौरान बाहरी हस्तक्षेप से मुक्त व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में सहयोग देने की अपील की है।

## जमीन के नाम पर लाखों की ठगी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जमीन के नाम पर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि माली मोहल्ला हुडको निवासी आशा वर्मा जेठ मनीराम वर्मा, जेठानी रेखा वर्मा के साथ में रहते है। वर्ष 2023 मे उरला दुर्ग में जमीन खरीदने जगह देखने गए थे। इस दौरान मकान 451 डा. अंबेडकर नगर के पी बंगले के पास वार्ड 58 उरला निवासी कमलेश चौरे नामक व्यक्ति से हुई, कमलेश चौरे ने बताया कि उनकी स्वयं के स्वामित्व की परिवर्तित भूमि उरला वार्ड 57 दुर्ग में स्थित है।

जमीन को बेचना चाहता है जिसका पहन 17/7 खसरा क्र 87/1 का टुकड़ा 3024 वर्ग फीट 48 63 ऋण पुस्तिका 1797085 को जेठानी रेखा वर्मा के नाम पर बेचने के लिये रकबा लगभग 1323 वर्ग फीट 21 63 फीट को पीड़ित के नाम पर बेचने के लिये जेठानी से 11 लाख 16 हजार 500 रुपये लिया। पीड़िता से 5 लाख 27 हजार 500 रुपये लेकर जमीन नही देकर ठगी किया।

कमलेश चौरे ने जमीन का दो इकरारनामा स्टाम्प पेपर पर बनाया और भूमि बेचने एक एग्रीमेंट भी किया। भूमि की कुल राशि 11 लाख 16 हजार 500 रुपये में जमीन का सौदा तय हुआ था। दूसरे जमीन का 5 लाख 27 हजार रुपये में बेचने का सौदा हुआ। रेखा वर्मा ने 2 लाख 16 हजार 500 और पीड़िता 1लाख 27 हजार 500 रुपये नगद कमलेश चौरे को दिया गया। रजिस्ट्री के लिए कमलेश चौरे टाल मटोल करते रहा। परेशान परिजनों से शिकायत पुलिस में किया।

## शनिवार को शाला संचालन का समय सुबह साढ़े 7 से साढ़े 11 बजे करने की मांग

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने गजेंद्र यादव मंत्री स्कूल शिक्षा ग्रामोद्योग, विधि विधायी, छत्तीसगढ़ शासन से उनके निवास में मुलाकात की। इस दौरान प्राचार्य पदोन्नति टी संवर्ग के बाद पदांकन के सफल निष्पादन हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया। इसी परिप्रेक्ष्य में ई संवर्ग प्राचार्य पदांकन की शीघ्र कार्यवाही निष्पादन की अपेक्षा की। शनिवार शाला संचालन समय पूर्ववत सुबह 07.30 बजे से 11:30 बजे तक करने की आदेश जारी करने की बात कही। व्याख्याता ई संवर्ग पर शीघ्र पदोन्नति की बात कही। इसी के साथ 11 बिंदुओं का मांग पत्र भी सौंपा। इसमें सहायक शिक्षकों का तृतीय समयमान वेतनमान, गैर शिक्षकीय कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध, एकीकृत परिसर में जहां कक्षा एक से 12 वी तक की कक्षाएं संचालित हैं, उप प्राचार्य पद का सृजन करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में संजय सिंह ठाकुर प्रांताध्यक्ष, ओंकार सिंह प्रमुख प्रांतीय संगठन मंत्री, डॉ. अशोक कुमार गुप्ता उपप्राताध्यक्ष, मनोज राय महामंत्री, हरि प्रसाद शर्मा, भुवन सिंहा संभागीय अध्यक्ष, टीकम सिंह साहू प्रांतीय मंत्री, भुवनेश्वर देवांगन प्रांतीय मंत्री, हरनारायण राजपूत जिला अध्यक्ष, नेम सिंह साहू सहित अन्य मौजूद थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301




### दस स्कूलों के 98 विद्यार्थियों की सहभागिता, सांस्कृतिक विरासत से कराया अवगत

# इंटेक विरासत क्विज में डीपीएस भिलाई प्रथम, आदर्श कन्या द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) के दुर्ग-भिलाई अध्याय द्वारा राष्ट्रीय विरासत क्विज का अध्याय स्तरीय आयोजन किया गया । दुर्ग-भिलाई के 10 विद्यालयों के 98 विद्यार्थियों ने सहभागिता दी ।

■ 98 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में लिया हिस्सा, परंपरागत आभूषणों के विषय में दी जानकारी

परिचर्चा में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डां. रजनी नेलसन ने दुर्ग ज़िले की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासतों के विषय में प्रतिभागियों को अवगत कराया । उन्होंने महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले परम्परागत आभूषणों के विषय में जानकारी दी । कार्यक्रम के अध्यक्ष शिक्षाविद् डां. डीएन शर्मा ने ने कहा कि 454 करोड़ वर्ष आयु की हमारी धरती सबसे पुरानी व महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है, जो पहाड़ों, ग्लेशियरों, नदियों, झरनों , समुद्र, जीव-जंतुओं आदि को समेटे हुए है ।



उन्होंने कहा कि देशज ज्ञान परम्परा तथा लोक परम्पराएँ, रीति रिवाज़, त्यौहार, लोक गीत व लोक नृत्य आदि हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं। अध्याय की अध्यक्ष हंसा शुक्ला ने कहा कि बच्चों में विरासतों के महत्व के प्रति जागरूकता लाने और उनके संरक्षण हेतु प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय हेरिटेज क्विज का आयोजन हर वर्ष किया जाता है ।

4 टीमों का चयन कर दूसरे चरण में मौखिक क्विज आयोजित कर विजेता चुने गए ।

स्पर्धा में डीपीएस भिलाई के निनाशी पंडा व सचित साहू की टीम विजेता तथा शास. आदर्श विद्यालय दुर्ग की सुधा सेन व साक्षी साहू की टीम उपविजेता रही । तृतीय स्थान शंकराचार्य विद्यालय हुडको के दक्ष जैन व दक्ष राठौर की टीम रही।

केपीएस भिलाई, शंकरा विद्यालय सेक्टर-10, डीएवी हुडको, मैत्री निकेतन रिसाली, महर्षि दयानंद विद्यालय भिलाई व स्वामी आत्मानंद स्कूल से. 9 की टीमों ने भी सहभागिता दी । इस अवसर पर. सहसंयोजक विद्या गुप्ता, चित्रकार डा महेश चतुर्वेदी, शानू मोहनन, कांति भाई सोलंकी, विश्वास त्रिपाठी व प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



उत्तम सत्य धर्म दिवस पर विशेष आराधना

## दिन सातवां

### मोदक यानी आनंद को केवल संचित न किया जाए, बल्कि बांटा भी जाये

**भिलाई।** भगवान गणेश के हाथ में सदा मोदक रहता है। यह केवल मिठाई नहीं, बल्कि जीवन दर्शन है। संस्कृत में मोदक शब्द मुद् धातु से बना है, जिसका अर्थ है आनंद, हर्ष और प्रसन्नता। गणेश का यह संदेश स्पष्ट है कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न हों, यदि मन में मिठास और चेहरे पर मुस्कान है, तो हर समस्या आधी हो जाती है। लड्डू या मोदक गणेश के हाथ में रहने का अर्थ यह भी है कि आनंद को केवल संचित न किया जाए, बल्कि बाँटा भी जाए। आनंद ऐसी निधि है जिसे जितना बांटोगे, वह उतना ही बढ़ेगा। यह प्रकृति का नियम है जो चीज सच्चे मन से दी जाती है, वह कई गुना होकर लौटती ही है। मोदक और लड्डू आनंद का सूत्र सिखाते है। आनंद का सबसे बड़ा नियम यही है कि इसे बांटने से यह कम नहीं होता, बल्कि अनेक गुना बढ़ जाता है। जब हम प्रसन्न रहकर चुनौतियों का सामना करते हैं, तब राहें सहज हो जाती हैं। जिसके पास आनंद है, वह निर्धन होकर भी धनी है और जिसके पास प्रसन्नता नहीं, वह धनवान होकर भी निर्धन है। प्रसन्नता और सफलता केवल मन का भाव नहीं, बल्कि ऊर्जा है। सकारात्मक और प्रसन्नचित्त मनुष्य कठिन से कठिन कार्य को भी सरल बना लेता है। प्रसन्नता से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और कार्य करने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। प्रसन्न व्यक्ति की नेतृत्व क्षमता भी बढ़ती है।



**भिलाई।** स्ट्रीट 53 बालाजी नगर खुर्सीपार में गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है।

● मराठी परिवारों के घरों में महालक्ष्मी की धन और सौभाग्य के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी होती है पूजा

# मायके में महालक्ष्मी को पारंपरिक व्यंजनों और आंम्बिल का लगाया भोग, दमक उठा हर आंगन, आज होगी विदाई

इन दिनों गणेशोत्सव के साथ ही महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा महालक्ष्मी उत्सव भी मनाया जा रहा है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी से शुरू ढाई दिवसीय महालक्ष्मी उत्सव रविवार से शुरू हुआ। 'महालक्ष्मी आली घरात सोन्याच्या पायानी, भर भराटी घेऊन आली, सर्वसमृद्धि घेऊन आली' के जयघोष के साथ मराठी परिवारों ने सुख-समृद्धि की देवी मां महालक्ष्मी का अपने घरों में आगमन कराया। आकर्षक झांकी सजाकर मंदिरों व घरों में ज्येष्ठा और कनिष्ठा महालक्ष्मी की स्थापना की गई।



**भिलाई।** ढाई दिवसीय उत्सव के दूसरे दिन सोमवार को बेटियों के रुप में अपने मायके आई महालक्ष्मी को उनका प्रिय आंम्बिल, कथली, पूरनपोली, गुझियां, कढ़ी सहित सभी महाराष्ट्रीयन व्यंजनों का महाभोग लगाकर दूसरे दिन का उत्सव मनाया गया। मंगलवार को दिन ढलने से पहले माता महालक्ष्मी की ओली भरकर विदाई की जाएगी।

### लगाया गया आंबिल और कथली का भोग

रामनगर निवासी अरुड़कर परिवार की विजय लक्ष्मी, ऊषा और शोभा ने बताया कि परंपरानुसार महालक्ष्मी की पूजा मराठी परिवारों में की जाती है। जिसमें अपने मायके आयी महालक्ष्मी ज्येष्ठा और कनिष्ठा को उनका प्रिय विशेष प्रसाद आंबिल और कथली सहित विभिन्न पकवानों का भोग लगाया गया। महालक्ष्मी का प्रिय व्यंजन आंबिल ज्वार को दरदरा पीसकर छाछ तैयार की जाती है, इसे विशेष प्रसाद माना गया है। इसी प्रकार पूरणपोली, 16 प्रकार की सब्जियां सहित विभिन्न पकवानों का भी भोग महालक्ष्मी को लगाया गया और परिवार सहित आसपड़ोस के लोगो को प्रसाद वितरित किया जाता है। इस भोग और प्रसाद को पूजा वाले घर में ही खाने का रिवाज है। इस भोग को घर ले जाने नही दिया जाता। इस तीन दिवसीय पूजा में शुद्धता और स्वच्छता का बारिकी से ध्यान रखना पड़ता है।



### हल्दी-कुमकुम और दान देकर आज होगी विदाई

माया, अपूर्वा और दामिनी ने बताया कि मंगलवार को यानी आज पूजा दर्शन और भोग के बाद शाम होने से पहले महालक्ष्मी की विदाई बेटी के रुप में माता को हल्दी-कुमकुम कर हाथ में गुझिया, फल, चावल और मेवे देकर ओली भरकर परंपरानुसार की जाएगी।

### कई पीढ़िया तक चलती है एक ही प्रतिमा

उज्वला और माया ने बताया कि महालक्ष्मी की स्थापना और पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया जाता, बल्कि एक ही प्रतिमा कई पीढ़ियों तक चलती है। प्रतिमा के मुखौटे अलग से रहते हैं, जब स्थापना की जाती है, तो मुखौटे निकाले जाते हैं, और लोहे की पायली (ढांचे ) पर कपड़े से बने हाथ लगाकर, साड़ी पहनाकर उनका श्रृंगार किया जाता है। इस तरह ढाई दिन तक पूजा अर्चना करने के बाद विदाई के दौरान फिर से मुखौटे निकालकर सुरक्षित संदूक में रख दिए जाते हैं।



### सालों से चली आ रही है परंपरा

बोखड़ और अरुड़कर परिवार ने बताया कि परंपरा और पौराणिक कथा अनुसार भाद्रपद माह में सप्तमी को बेटी के रूप में महालक्ष्मी नामक दो बहनों का आगमन अपने बच्चों के साथ होता है। इस दौरान ढाई दिनों तक वे मायके में रहती है। पहले दिन आगमन के साथ स्वागत सत्कार होता है, दूसरे दिन महालक्ष्मी को महाभोग लगाया जाता है और इसके बाद अगले दिन उनकी विदाई होती है। यह परम्परा कई सालों से चली आ रही है।

## सिटी इवेंट



**भिलाई।** गणेश उत्सव समिति गांधी चौक सुपेला।



**भिलाई।** पिपलेश्वर धाम गणेशोत्सव समिति दशहरा मैदान शांति नगर।



**भिलाई।** श्रीश्रीनिवास गणेशोत्सव समिति कैंप-1 भिलाई।

# पारंपरिक खेल फुगड़ी, सुरीली दौड़, बाल पासिंग गेम खेलकर किया एंजॉय

**भिलाई।** छग कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज भिलाई नगर का तीजा पोरा महोत्सव कुर्मी भवन सेक्टर 7 में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अनिता वर्मा, दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, तारा चंद्राकर, प्रीति देशमुख, डॉ सरिता साहू उपस्थित थी। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक खेल फुगड़ी, सुरीली दौड़, बाल पासिंग गेम खेलकर आनंद उठाया।

कार्यक्रम में लता ऋषि चंद्राकर, ऊषा कौशिक, राधिका देशमुख, माया अमृत, कांति वर्मा, रेणु देशमुख, शीला चंद्रा, रश्मि देशमुख, रूपा वर्मा, गायत्री कौशिक, ऊषा दिल्लीवार, सुरेखा धुरंधर, ललिता चंद्रा उपस्थित रहे।



सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में प्रथम बबीता देशमुख, द्वितीय बिंदु नायक और तृतीय सरोज चंद्रा, शिवलिंग सजाओ में सुमन वर्मा विजेता रही। तीज क्वीन किरण चंद्रा को अतिथियों द्वारा क्राउन पहनाया गया। महापौर ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया। तारा चंद्राकर और प्रीति देशमुख ने कुर्मी समाज में बढ़ रहे प्री वेडिंग शूट, सगाई आदि व्यर्थ के खर्चो पर रोक लगाने की बात कही। डॉ सरिता साहू ने नृत्य कर मंत्रमुग्ध कर दिया। अनिता वर्मा ने कुर्मी समाज की महिलाओं से मिलकर काम करने और समाज को आगे बढ़ाने की बात कही। लता ऋषि चंद्राकर गीत के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

# चम्मच, सुई धागा, बैलेंसिंग द बुक दौड़ और पिट्ठूल खेल में किया एंजाय



**भिलाई।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खालसा कॉलेज दुर्ग में महाविद्यालय स्तर पर दो दिवसीय खेल उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुनीता बोकडे द्वारा खेल उत्सव को हरी झंडी दिखाकर, खेल को जीवन का अहम हिस्सा बताया। इस दो दिवसीय खेल उत्सव में पहले दिन चम्मच दौड़, सुई धागा दौड़, बैलेंसिंग द बुक दौड़ और पिट्ठूल खेल खेला गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उत्सव के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने चार पत्थर, पैदल दौड़, बैडमिंटन और रस्साकस्सी खेल आयोजित की गई। खेल उत्सव के समापन समारोह के अवसर पर खेल संबंधी शपथ दिलाई गई कि अपने फिटनेस को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के खेल खेलते रहेंगे और फिट रहेंगे। कॉलेज प्रबन्धन द्वारा इस खेल उत्सव की सराहना करते हुए इसे दैनिक दिनचर्या में शमिल करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन दिव्या सिंह ने किया। कार्यक्रम में कॉलेज की सभी सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

ग्रैंडपेरेंट्स डे सेलिब्रेशन में किया पौधरोपण, बुजुर्गो ने म्यूजिकल चेयर में लिया भाग

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में ग्रैंड पेरेंट्स का योगदान अमूल्य, वे परिवार की धरोहर, बच्चों ने दी धमाकेदार प्रस्तुति

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** रुंगटा पब्लिक स्कूल भिलाई में ग्रैंड पेरेंट्स डे उत्साह के साथ के साथ सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी और क्लास 1 और 2 के नन्हें बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुति दी। जिसे देख अभिवावक और ग्रैंड पेरेन्ट्स भावुक हुए और तालियों की गड़गड़ाट से सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। ग्रैंडपेरेंट्स डे का यह आयोजन विद्यालय, अभिभावकों और बच्चों के परिवारों के पीढ़ियों के बीच रिश्तों को और भी मजबूत करने यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों, विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रैंड पेरेट्स द्वारा पौधारोपण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर संजय रुंगटा, अशोक सिंघल और कंचन सिंघल उपस्थित थे।



### दादा-दादी और नाना-नानी ने खेले रचनात्मक गेम

प्री प्रायमरी कॉर्डिनेटर सोनू पाटनी ने स्वागत भाषण देते हुए बच्चों और अभिभावकों के बीच सेतु बने इस विशेष दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। जिसके बाद बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। नर्सरी और एल.के.जी. के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसके बाद गेम और विज्ञापन का आयोजन हुआ। जिसमें दादा-दादी और नाना-नानी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता दिखाई।

### बच्चों ने जोशीला नृत्य और दादा-नाना ने म्यूजिकल चेयर

कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने थीमैटिक स्किट प्रस्तुत की, जिसमें जीवन मूल्यों और बड़ों के सम्मान का संदेश दिया गया।यू.के.जी. के नन्हें कलाकारों ने मनभावन नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों ने जोशीला नृत्य कर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वही कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।दादा-दादी और नाना-नानी के लिए म्यूज़िकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल में उन्होंने जोश और उत्साह से भाग लेकर वातावरण को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### वरिष्ठ जन परिवार की धरोहर

स्कूल के चेयरमैन संजय रुंगटा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में दादा-दादी और नाना-नानी का योगदान अमूल्य है साथ ही विद्यार्थियों और अभिभावकों को कहा कि वरिष्ठ जन परिवार की धरोहर और प्रेरणा स्रोत होते हैं। उनका सम्मान और आदर करना प्रत्येक हर एक सदस्य का कर्तव्य है। विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के लिए संस्कार और प्रेरणा के सबसे बड़ा स्रोत और माध्यम हैं। बड़ों का आशीर्वाद ही सबसे बड़ी पूँजी है। बुजुर्गो का अनुभव और आशीर्वाद ही आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा प्रदान करता हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रायमरी कॉर्डिनेटर रूप कंवर ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सिटी इवेंट

### रामदेव बाबा के भादवा मेला के अंतिम दिन आज भंडारा का होगा आयोजन




**दुर्ग।** श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका में आयोजित श्री रामदेव बाबा के भादवा मेला में जम्मा जागरण व भजनों की धूम मची हुई है। दरबार में श्रद्धालुओं को परचों का लाभ भी मिल रहा है। जिसके चलते यहां श्रद्धा व आस्था का अद्भुत माहौल बना हुआ है। रामदेव बाबा के परमभक्त सोहनलाल बापजी (चालीसगांव महाराष्ट्र) की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन के लिए श्रद्धालू दरबार में उमड़ रहे है। फलस्वरुप दरबार में प्रतिदिन शाम से देर रात तक श्रद्धालुओं का मेला लग रहा है। 10 दिवसीय भादवा मेला के अंतिम दिन 2 सितंबर को सुबह 10 बजे महाआरती व हवन पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर आयोजन समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन और सुश्री पायल जैन ने संयुक्त रुप से बताया कि भादवा मेला में श्रद्धालुओं के देश व प्रदेश से पहुंचने के मद्देनजर अंतिम दिन के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होने भादवा मेला के अंतिम दिन आयोजित सभी कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धालुओं से पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## सिटी लाइव

### राज्य स्तरीय मेगा साइकिल रैली में संडे ऑन साइकिल का लिया संकल्प



**भिलाई।** भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सहयोग से संडे ऑन साइकिल का 29वां संस्करण का राज्य स्तरीय मेगा साइकिल रैली के रूप में आयोजित किया गया। यह आयोजन फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण के साथ साइक्लिंग संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। रैली प्रगति भवन से प्रारंभ होकर ऑफिसर्स एसोसिएशन, सिविक सेंटर, शहीद उद्यान, परिवार चौक, रेल चौक, डीपीएस चौक, एसएसबी चौक होते हुए जयंती स्टेडियम का चक्कर लगाकर पुनः प्रगति भवन में सम्पन्न हुई। रैली में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर दुर्ग अलका वाघमर, अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग बोर्ड राकेश पाण्डेय, विनोद खाण्डेकर, सत्यनारायण राठौर, अपर कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त भिलाई निगम राजीव पाण्डेय, महाप्रबंधक बीएसपी नरेंद्र बंछोर, परविंदर सिंह ग्रेवाल, ओलंपिक बॉक्सिंग खिलाड़ी राजेंद्र प्रसाद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सांसद विजय बघेल ने नागरिकों को शपथ दिलाई कि वे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहेंगे और अपने परिवार एवं समाज को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करेंगे। विधायक ललित चंद्राकर ने फिट इंडिया के माध्यम से भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनाने का संकल्प दोहराया। अलका वाघमर ने कहा कि आज मोबाइल की लत से दूर होकर साइक्लिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से फिटनेस पर ध्यान देना आवश्यक है। राकेश पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान को जनआंदोलन के रूप में गति देने का आह्वान किया। इसी नगरी से आज फिट इंडिया और ग्रीन इंडिया का संदेश दिया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों, खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर विनायक चन्नावार, महासचिव साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ तोषेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष देव प्रकाश वर्मा, सचिव साइक्लिंग ऑफ डिस्ट्रिक्ट शशांक देशमुख, सहसचिव साइक्लिंग ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट प्रतीक मनोध्या, एवं एन.आई.एस. कोच साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ भी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति पदक से अलंकृत स्काउट-गाइड से बच्चे हुए सम्मानित



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य भारत स्काउट गाइड उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा में बताया कि आज दिल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य के बच्चे जिन्होंने राष्ट्रपति पदक अलंकरण प्राप्त किया था, उन्हें सम्मानित किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स युवाओं में आत्मनिर्माण, आत्मनिर्भरता और सेवा भावना का संस्कार भरती है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रपति स्काउट्स एंड गाइड्स अलंकरण समारोह अतिथि में शामिल केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवी ने देशभर से आए रोवर्स और रेंजर्स को सम्मानित किया। सम्मान में सम्मानित होने वाले बच्चों में हमारे राज्य के 54 स्काउट गाइड बच्चे भी शामिल थे। गाइड्स और रेंजर्स ने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया था। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। स्काउट्स का आदर्श वाक्य तैयार रहो केवल जीवन का मंत्र नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज की सेवा *हेतु सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा है। बोहरा ने बताया कि आने वाले समय में राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय जंबूरी राज्य के गौरव बढ़ाएगा। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सांसद मनोज तिवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन सहित अन्य मौजूद थे।

---

● मेजर ध्यानचंद के जीवनी पर डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म देख खेल के प्रति बढ़ा रुझान

# फिट इंडिया हिट इंडिया : स्वस्थ जीवनशैली व खिलाड़ियों को खेल से जोड़ने किया प्रोत्साहित

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का मेजर ध्यानचंद जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के राधाकृष्णन सभागार मे आयोजित हुआ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और स्वथ्य जीवनशैली के लिए किसी न किसी खेल गतिविधि को अपनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान मेजर ध्यानचंद के जीवनी पर डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म और खेल विभाग के उपलब्धियों का प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया। एन.सी.सी. द्वारा अतिथियों का स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर कर किया गया।

समारोह में 34 खिलाड़ियों, 10 मैनेजर और प्रशिक्षकों को तीन लाख पैतालीस हजार रू. की पुरस्कार राशि, खेल प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दुर्ग सांसद विजय बघेल, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक ललित चन्द्राकर, हेमचंद यादव विश्वविद्याल, कुलपति डॉ संजय तिवारी दुर्ग, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति डॉ. एन.पी. दीक्षित, शासकीय महाविद्यालय दुर्ग प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल, शॉल और तुलसी के पौधे प्रदान कर सम्मानित किया।



### खेल के क्षेत्र में दुर्ग में बढ़ी सुविधाएं

संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने विश्वविद्यालय के उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने विश्वविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों और मेजर ध्यानचंद के उपलब्धियों की जानकारी दी। मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की खेल के क्षेत्र में दुर्ग शहर में सुविधाएं बढ़ रही है। जिसके अंतर्गत बैडमिंटन कोट, स्वीमिंग पुल और आत्याधुनिक जिम, दुर्ग के नाना-नानी पार्क में जौगिंग ट्रैक की सुविधा होने की बात कही। दुर्ग शहर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम सौगात का कार्य प्रगति पर बताया। जिससे दुर्ग-भिलाई के खिलाड़यों को सुविधाओं में वृद्धि होगी।

### बताया जीवन में खेलों का महत्व

सांसद विजय बघेल ने पुरस्कृत खिलाड़ियों को खेल से जुड़े रहने और वे खुद कबड्डी के खिलाड़ी रहते हुए खेल के क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर पदक प्राप्त करने की बाते बताते हुए उन्हें प्रोत्सहित किया। उन्होंने जीवन में खेल के महत्व और फिट इंडिया हिट इंडिया के तहत खिलाड़ियों को खेल से जोड़ने की जानकारी दी। विधायक ललित चन्द्राकर ने मेजर ध्यानचंद से आज के खिलाड़ियों को प्रेरणा लेने की बात कही, साथ ही वर्तमान समय में फिटनेस के लिए खेल बहुत ही जरूरी बताया।

### प्रतिभावानों को मैडल और चेक देकर किया पुरस्कृत



अतिथियों द्वारा महिला बॉस्केटबॉल पूर्वी क्षेत्र अंतर वि.वि. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान लाने पर खेल प्रमाण पत्र, मेडल और 10-10 हजार रूपये राशि प्रदान किये गये। खो-खो पुरूष और शतरंज महिला टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर वि.वि. प्रतियोगिता उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त प्रत्येक खिलाड़ियों को खेल प्रमाण पत्र, मेडल और 7 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई। व्यक्तिगत खेलों में सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले वेट लिफ्टिंग सोनाली यदु और पॉवर लिफ्टिंग खुशाल पटेल को खेल 10 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई। साथ ही खेलों इंडिया प्रतियोगिता में चयनित दिव्या कुमारी जूडो खिलाड़ी और अशुतोष बिंद एथलेटिक्स खिलाड़ी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति धारकर ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के राजेन्द्र चौहान, हिमांशु मण्डावी, दिग्विजय साहु, डॉ. बी. गोपाल कृष्णा, डॉ. जैनेन्द्र दिवान, लक्ष्मेन्द्र, डॉ. प्रशांत दुबे, डॉ. अल्का मिश्रा, डॉ. मीना मान, डॉ. अशुमाला चंद्राकर, डॉ. मौसमी डे, डॉ. सतीश सेन सहित विभिन्न महाविद्यालयों के क्रीड़ाधिकारी, प्राध्याप, खिलाड़ी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

## दसलक्षण पर्व का आयोजन

### उत्तम सत्य धर्म दिवस पर विशेष आराधना



**भिलाई।** त्रिवेणी तीर्थ सेक्टर-6 में दसलक्षण पर्व के पांचवें तक उत्तम सत्य धर्म दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीर्थंकर की अष्टधातु प्रतिमा का शांति धारा का सौभाग्य दीपक काला, भारत जैन, प्रशांत जैन, सोमेश बाकलीवाल, कमल जैन, विनोद, अंकुश जैन, संजीव जैन, साकेत जैन, जिनेंद्र जैन ने प्राप्त किया। दस लक्षण धर्म के उत्तम सत्य धर्म दिवस पर पंडित अतिशय शास्त्री ने कहा कि यह पुण्य कर्म है। इस अवसर पर संगीत मंडली टीम की साधना जैन, वरुण जैन, सीमा जैन, निशांत जैन ने दसलक्षण धर्म की पूजन में 1008 अजीत नाथ की पूजन करते हुए विधान मंडप में श्रीफल अर्पण किया। प्रदीप बाकलीवाल ने बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज और आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के छायाचित्र पर शांति धारा करने वाले पुनर्जक द्वारा मंगलदीप प्रज्वलन किया गया। पंडित अतिशय शास्त्री ने सत्य धर्म का सार बताते हुए कहा कि सत्य का अर्थ केवल सत्य बोलना ही नहीं, अपितु सत्य मानना और समझना भी है। जिस पदार्थ का जो भी मूल रूप है, उसे वैसे ही स्वीकारना और आत्म स्वरूप में सत्य धारण करना उत्तम सत्य धर्म है। सत्य कभी पराजित नहीं होता। शाम को भक्तों ने मंगल आरती करते हुए भक्ति वंदना मंदिर में की। आदिनाथ भगवान को नमन करते हुए मंगलाचरण के साथ धार्मिक जैन भजनों पर डांडिया नृत्य किया गया। बच्चों और बालिकाओं ने अपने माता-पिता के साथ, भारतीय संस्कृति और जैन धर्म की शिक्षा संस्कार के अनुरूप गुजराती वेशभूषा धारण करते हुए बच्चे और बड़े वर्ग द्वारा बहुत ही आकर्षक डांडिया नृत्य किया। 2 सितंबर को भिलाई दुर्ग के सभी मंदिरों में सुगंध दशमी व्रत की पूजन के साथ सभी मंदिरों में धूप खेवन की क्रिया दोपहर 2 बजे से संध्या 6:30 बजे तक होगी।



## सम्मान समारोह

### विश्व आदिवासी सम्मेलन में सहयोग के लिए परदेशी राम वर्मा सम्मानित



**भिलाई।** विश्व आदिवासी सम्मेलन में सहयोग के लिए लेखक परदेशीराम वर्मा को सम्मानित किया गया। उनका आभार व्यक्त किया गया। मांझी धाम बघमार से मांझी परिवार अगासदिया परिसर पहुंचे। राजमाता फुलवादेवी कांगे माता दंतेवाड़नि समिति के उपाध्यक्ष कुंभदेव कांगे, लेखिका राजकुमारी मांझी के मूल गांव कुरूटोला से परिवार की बहू ओकेश कांगे बघमार से शशिकला सलाम कांकेर से देवकुमारी कोमरा, बालाघाट से इंदर सिंह वटकड़े तथा सुनील उइके पहुंचे। बता दें कि विश्व आदिवासी दिवस पर छत्तीगढ़ से डॉ. परदेशीराम वर्मा को सिरीफोर्ट आडीटोरियम नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ और देश में आदिवासी समाज कल और आज विषय पर व्याख्यान देने आमंत्रित किया गया था। आदिवासी समाज के विभिन्न प्रांतों से आए बुद्धिजीवी प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी समाज सेवी लगभग तीन हजार की संख्या में उक्त आयोजन में सम्मिलित थे। बस्तर, बालाघाट, सरगुजा से आदिवासी कलाकारों के बारह दल प्रदर्शन हेतु गए थे। छत्तीसगढ़ में जन्में क्रांतिकारी कंगला मांझी द्वारा स्थापित संगठन के द्वारा यह आयोजन हुआ जो अत्यंत प्रेरक और सफल रहा। डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि आदिवासी समाज के तीन हजार विभिन्न प्रान्तों के जागृत लोगों के बीच बात रखने का जो अवसर मुझे मिला उसके लिए मैं भी आभारी हूं।

---

पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्मदिन पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां जोरों पर

कार्नर न्यूज

# ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां जोरों पर, जगमगा उठीं मस्जिदें 5 को निकलेगा जुलूस, डीजे और आतिशबाजी प्रतिबंधित

**भिलाई।** पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्मदिन पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां जोरों पर है। चाँद की तस्दीक़ के बाद शहर की तमाम मस्जिदों को रोशनी से सजाया जा चुका है। इस साल 5 सितंबर को जश्ने विलादत का 1500वाँ साल है। इस ऐतिहासिक मौके को देखते हुए शहर की तमाम अंजुमन और कमेटियां आयोजन को खास बनाने में जुटी हैं। इस दौरान जुलूस, रक्तदान शिविर और सम्मान समारोह सहित कई आयोजन होंगे। इस बार क्षेत्र के सभी कमेटियों से जूलूस में डीजे और आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है।



### मुख्य जुलूस शुरू होगा कैंप-1 से, शाम को परचम कुशाई

ईद मिलादुन्नबी पर शुक्रवार को सुबह नमाज के बाद शहर की तमाम मस्जिदों, सभी मदरसों में परचमे इस्लाम फहराया जाएगा। इसके बाद मुख्य जुलूस की शुरूआत दोपहर 2 बजे गौसिया मस्जिद केम्प-1 से शुरू होगा। जिसमे हाउसिंग बोर्ड से आने वाली अंजुमन भी गौसिया मस्जिद रोड , केम्प-01 से साथ में शामिल होगी। जुलूस की कयादत हज़रत अल्लामा सैय्यद मुहम्मद अहरार आलम वफा शहबाज़ी करेंगे। जुलूस लिंक रोड से होते हुए केम्प-2 रजा जामा मस्जिद पहुंचेगा। हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि जुमे की नमाज के बाद हाउसिंग बोर्ड शेरे खुदा ईदगाह मैदान में परचम कुशाई के बाद जुलूस मोहम्मदी निकलेगा जो हाऊसिंग बोर्ड के आम रास्तों से होते हुए पावर हाउस चौक पर जाकर अन्य जुलूस के साथ मिलेगा। सेक्टर-6 जामा मस्जिद के ईदगाह मैदान में पहुंचेगा। यहां मगरिब की नमाज के वक्त परचम कुशाई होगी।

### आखिरी सफर सुपुर्द की जाएगी

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हजरत बिलाल मस्जिद हुडको की तरफ से शव वाहन आखिरी सफर समाज के सुपुर्द किया जाएगा। मस्जिद कमेटी के सदर शाहिद अहमद रज्जन ने बताया कि तैयारियां अंतिम चरण में है और शुक्रवार की दोपहर जुमे की नमाज के बाद इस शव वाहन को उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में मुस्लिम समाज का मात्र एक शव वाहन होने से कई बार दिक्कतें आती रही हैं। इसे देखते हुए मस्जिद हजरत बिलाल हुडको ने एक और शव वाहन उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है।

### डीजे पर रहेगी रोक, आतिशबाजी की भी मनाही

भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग ने बताया कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारियों को लेकर एक बैठक जामा मस्जिद सेक्टर 6 में रखी गई थी। जिसमें शहर की सभी मस्जिद कमेटियां, जुलूस निकालने वाली तंजीम,मदरसे के जिम्मेदार लोगों और उलमाए किराम की मौजूदगी में एक राय से जुलूस में डी जे के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है। उन्होंने जुलूस में शामिल होने वाले सभी लोगों से 1500 वीं सालगिरह के इस ऐतिहासिक मौके पर जुलूस में किसी तरह की आतिशबाजी से मनाही की है। वहीं लंगर करने वाली कमेटियों से भी साफ-सफाई का ध्यान रखने कहा गया है।

**सेक्टर-7 में सुबह निकलेगा जुलूस, सम्मान समारोह भी**

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर सेक्टर -7 में कई आयोजन होंगे। गुरुवार की शाम लोग अलग-अलग हिस्सों में गश्त करते हुए वापस मदरसा पहुंचेगा। यहां अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शिक्षक दिवस और जश्ने ईद मिलादुन्नबी को देखते हुए सम्मान समारोह रखा गया है। जिसमें 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान बच्चों और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

**भिलाई-तीन में स्वास्थ्य शिविर, सम्मान समारोह और तकरीर**

सैय्यदी सुन्नी जामा मस्जिद मजार कमेटी भिलाई-तीन की ओर से जश्न-ए ईद मिलादुन्नबी पर निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन रविवार से शुरू किया गया। जिसमें पहले पवन कुमार नामेवार ने अपनी सेवाएं दी। एक सितम्बर को डॉ.एम एन दास और डॉ. विकास वर्मा शिविर में विभिन्न रोगों की जाँच करेंगे। मंगलवार को शाम को इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता रखी गई है। बुधवार को शाम औरतो की मिलाद और रविवार को सम्मान समारोह रखा गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को 6 गोल्ड समेत 8 पदक




**रायपुर।** ग्वालियर में 29 से 31 अगस्त तक अटल बिहारी वाजपेयी प्रशिक्षण केंद्र में हुई 14वीं राष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने कुल 8 पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया, जिनमें 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य शामिल है। टी-11 वर्ग की 1500 मीटर और 400 मीटर रेस में सुखदेव ने स्वर्ण, 1500 मीटर रेस में निखिल कुमार यादव ने स्वर्ण, टी-45 वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में शिवराम साहू ने स्वर्ण, जबकि शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में यशोदा राजवाड़े ने दो स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा 400 मीटर दौड़ (टी-12 वर्ग) में नीलम टंडन ने रजत और लंबी कूद (टी-11 वर्ग) में देवमोती ने कांस्य पदक हासिल किया। टीम मैनेजर निरंजन साहू और कोच बिमल बेरा के मार्गदर्शन में मिले इस शानदार नतीजे पर पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष आनंद छाबड़ा, उपाध्यक्ष प्रशांत श्री रघुवंशी, महासचिव डिकेश टंडन, सहसचिव नीता डूमरे सहित सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### सीनियर पुरुष वर्ग में दोहरा उलटफेर, पहली बार एम. रविराज बने विजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के सहयोग से 29-31 अगस्त तक सप्रे शाला रायपुर में आयोजित श्री भोला प्रसाद तिवारी स्मृति प्रथम राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 संपन्न हुई। सीनियर पुरुष वर्ग में एम. रविराज ने सेमीफाइनल में अर्जुन मल्होत्रा और फाइनल में पूर्व विजेता सागर घाटगे को 4-3 से हराकर पहली बार खिताब जीता। अंडर-17 में सिद्धा धुपर (बालक) व समाया पांडे (बालिका) ने जीत दर्ज की। अंडर-13 में राजदीप गांगुली (बालक) और समाया पांडे (बालिका) विजेता बने। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पीएन मजूमदार तथा सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी एवं भूपेंद्र सिंह राजवंशी थे। जानकारी प्रतियोगिता के आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### छत्तीसगढ़ अंडर-23 टीम फाइनल में, पांडिचेरी को 3 विकेट से हराया



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पांडिचेरी द्वारा आयोजित मेंस अंडर-23 इंटरस्टेट वनडे अभ्यास मैच 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। 1 सितंबर को खेले गए मुकाबले में पांडिचेरी प्रेसीडेंस-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.1 ओवर में 192 रन बनाए। टीम की ओर से आकाश (68) और साई हरिराम (67) ने अहम योगदान दिया। छत्तीसगढ़ के हर्ष राठौर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि विजय यादव ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए छत्तीसगढ़ ने 44.2 ओवर में 7 विकेट खोकर 194 रन बनाते हुए मैच 3 विकेट से जीत लिया। दीपक यादव ने नाबाद 61 रन, अनुराग साहू ने 37 रन और विजय यादव ने 32 रन बनाए। पांडिचेरी की ओर से अजय कुमार ने 3 और शिशिर ने 2 विकेट लिए। इस जीत के साथ छत्तीसगढ़ की टीम फाइनल में पहुंच गई है, जहां उसका मुकाबला 3 सितंबर को हिमाचल प्रदेश की टीम से होगा।

उम्र बढ़ने पर भी मजबूत हड्डियों का आनंद ले सकते हैं

# 30 साल की उम्र के बाद रोजाना खाएं ऐसे पदार्थ जिनसे हड्डियां रहें मजबूत, बनी रहे बेहतर सेहत

हड्डियों का स्वास्थ्य पूरे शरीर के लिए बहुत अहम है, खासकर 30 साल की उम्र के बाद हड्डियों का खास ख्याल रखना चाहिए क्योंकि इस उम्र के बाद हड्डियों का घनत्व तेजी से कम होने लगता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में बताएंगे, जिनका सेवन आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। इन खाद्य पदार्थों में कैल्शियम, विटामिन-डी और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व शामिल हैं।



#### पालक

पालक एक ऐसी हरी पत्तेदार सब्जी है, जिसमें कैल्शियम की मात्रा काफी होती है। कैल्शियम हड्डियों के निर्माण और विकास के लिए जरूरी होता है। इसके अलावा पालक में विटामिन-के भी पाया जाता है, जो हड्डियों की सेहत के लिए अहम होता है। रोजाना एक कटोरी पालक का सेवन करने से आपकी हड्डियां मजबूत रह सकती हैं। आप इसे सलाद या सब्जी के रूप में अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

#### दूध

दूध को हड्डियों के लिए सबसे अच्छा पेय माना जाता है क्योंकि इसमें कैल्शियम और विटामिन-डी दोनों ही मौजूद होते हैं। ये दोनों पोषक तत्व आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। रोजाना एक गिलास दूध पीने से आपकी हड्डियों को जरूरी पोषण मिलता है, जिससे वे स्वस्थ रहती हैं। आप चाहें तो दूध को अपने किसी भी पसंदीदा व्यंजन जैसे दलिया या स्मूदी में भी शामिल कर सकते हैं।

#### बादाम

बादाम में मैग्नीशियम नामक खनिज मौजूद होता है, जो हड्डियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। मैग्नीशियम हड्डियों की मजबूती बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें टूटने से भी बचाता है। रोजाना कुछ बादाम खाने से आपकी हड्डियों को जरूरी पोषण मिलता है, जिससे वे स्वस्थ रहती हैं। आप इन्हें सुबह नाश्ते में या किसी भी समय स्नैक के रूप में खा सकते हैं। इस प्रकार बादाम का सेवन आपकी हड्डियों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

#### संतरा

संतरा विटामिन-सी का बेहतरीन स्रोत है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। विटामिन-सी हड्डियों के निर्माण और विकास में अहम भूमिका निभाता है। रोजाना एक संतरे का सेवन करने से आपकी हड्डियों को जरूरी पोषण मिलता है, जिससे वे स्वस्थ रहती हैं। आप इसे नाश्ते में या किसी भी समय खा सकते हैं। इसके अलावा संतरे का रस भी पी सकते हैं, जिससे आपकी हड्डियों को विटामिन-सी मिलता रहता है।

#### हरी सब्जियां

हरी सब्जियां जैसे ब्रोकली, केल आदि विटामिन-के और फाइबर से भरपूर होती हैं, जो हड्डियों को मजबूती देने में मदद करते हैं। इन सब्जियों का नियमित सेवन करने से आपकी हड्डियां स्वस्थ रहती हैं और उनमें कमजोरी आने की संभावना कम रहती है। इन सभी खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करके आप अपनी उम्र बढ़ने पर भी मजबूत हड्डियों का आनंद ले सकते हैं।

## घर पर आसानी से बनाया जा सकता है गुजराती फाफड़ा, आसान है रेसिपी

गुजराती फाफड़ा एक लोकप्रिय स्नैक है, जिसे अक्सर त्योहारों और खास मौकों पर बनाया जाता है। यह कुरकुरा और मसालेदार स्नैक न केवल बच्चों बल्कि बड़ों को भी पसंद आता है। इसे बनाने में थोड़ा समय लगता है, लेकिन इसका स्वाद इतना बेहतरीन है कि आप इसे बार-बार बनाना चाहेंगे। आइए आज हम आपको गुजराती फाफड़ा की रेसिपी बताते हैं, जिसे आप घर पर आसानी से बना सकते हैं और अपने परिवार के साथ इसका आनंद ले सकते हैं।



**फाफड़ा बनाने के लिए जरूरी चीजें :** एक कप बेसन, आधा कप पानी, एक चौथाई चम्मच हल्दी पाउडर, एक चौथाई चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चौथाई चम्मच हींग, नमक (स्वादानुसार), एक छोटी चम्मच अजवाइन, एक छोटी चम्मच नींबू का रस, तेल (तलने के लिए), हरी मिर्च की चटनी (साथ परोसने के लिए), नींबू का रस (साथ परोसने के लिए) और पुदीने का पेस्ट (साथ परोसने के लिए)। आप चाहें तो सामग्रियों को अपने मन मुताबिक कम या ज्यादा कर सकते हैं।

**स्टेप-1 : ऐसे करें फाफड़ा बनाने की शुरूआत:** सबसे पहले एक बड़े कटोरे में बेसन, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हींग, नमक और अजवाइन डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इसमें नींबू का रस और पानी डालकर एक सख्त आटा गूंथ लें। यह आटा थोड़ा सख्त होगा क्योंकि इसे बेलने की जरूरत नहीं पड़ती है। इसके बाद आटे को थोड़ी देर के लिए ढककर रख दें ताकि वह सेट हो सके। इस तरह आटा तैयार हो जाएगा।

**फाफड़ा को तलें :** अब गूंथे हुए आटे को छोटी-छोटी लोइयों में बांट लें और हर लोई को पतला करके लंबा आकार दें। आप चाहें तो हाथों से या बेलन से भी इसे पतला कर सकते हैं। इसके बाद एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और उसमें तैयार किए हुए फ़ाफड़े धीरे-धीरे डालें। इन्हें दोनों तरफ से सुनहरा भूरा होने तक तलें। जब सभी फाफड़ा तल जाएं तो उन्हें एक प्लेट में निकाल लें और गर्मागर्म परोसें।

**इस तरह से स्टोर करें फाफड़ा :** बचे हुए आटे से भी इसी तरह फाफड़ा तैयार करें और तलें। आप इन्हें किसी भी स्नैक या मुख्य भोजन के साथ परोस सकते हैं। फाफड़ा को आप एयर टाइट डब्बे में स्टोर करके भी रख सकते हैं, जिससे यह लंबे समय तक ताजा बना रहता है। इसे आप शाम की चाय या कॉफी के साथ भी खा सकते हैं। इस तरह आप इसे कई तरह से खा सकते हैं।

**फाफड़ा के फायदे :** गुजराती फाउड़ा एक पौष्टिक स्नैक है जिसमें मुख्य रूप से बेसन होता है जो प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोत है। यह स्नैक बिना किसी अप्राकृतिक तत्वों के घर पर तैयार किया जाता है इसलिए यह सेहत के लिए अच्छा है। इसे बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मसाले जैसे हल्दी, लाल मिर्च और हींग भी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।

## सोते समय गर्दन और कंधों में दर्द से बचने के लिए अपनाएं आसान टिप्स

अगर आपको सोते समय या सुबह उठते ही गर्दन और कंधों में दर्द या अकड़न का अनुभव होता है तो आपको अपने सोने के तरीके में बदलाव करने की जरूरत है, खासकर अगर आप किसी सोफे या कुर्सी पर सोते हैं तो यह आपकी रीढ़ और गर्दन के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे आप सोते समय गर्दन और कंधों के दर्द से बच सकते हैं।



**गर्दन के लिए सही तकिये का चयन करें :** सोते समय गर्दन के लिए सही तकिये का चयन करना बहुत जरूरी है। आपको ऐसा तकिया चुनना चाहिए, जो आपके सिर और गर्दन को सहारा दे। इससे आपकी रीढ़ सीधी रहेगी और गर्दन पर दबाव कम होगा। अगर आप पीठ के बल सोते हैं तो पतला तकिया लें, पेट के बल सोते हैं तो पतला और कंधों के नीचे मोटा तकिया लें और करवट लेकर सोते समय मोटा तकिया लें।

**सही गद्दा चुनें :** सोने के लिए सही गद्दे का चयन भी अहम है। गद्दा न बहुत नरम होना चाहिए और न ही बहुत कठोर। ऐसा गद्दा चुनें, जो आपके शरीर के आकार के अनुसार हो और आपको पर्याप्त सहारा दे सके। इससे आपकी रीढ़ सीधी रहेगी और गर्दन पर दबाव कम होगा। इसके लिए आप मध्यम कठोरता वाले गद्दे का चयन कर सकते हैं, जो आरामदायक होने के साथ-साथ आपकी हड्डियों को सही दिशा में रखें।

**सोने की मुद्रा का रखें ध्यान :** सोते समय आपकी मुद्रा भी बहुत अहम होती है। अगर आप पीठ के बल सोते हैं तो यह सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इससे आपकी रीढ़ सीधी रहती है और गर्दन पर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ता। अगर आप करवट लेकर सोते हैं तो सुनिश्चित करें कि आपकी गर्दन एक ही दिशा में झुकी न रहे और समय-समय पर उसे बदलें। इसके लिए आप सोने से पहले कुछ खिंचाव वाले व्यायाम कर सकते हैं।

**सोने से पहले करें स्ट्रेचिंग :** सोने से पहले स्ट्रेचिंग करना आपकी मांसपेशियों को आराम देता है और रक्त संचार बढ़ाता है। इससे दर्द और अकड़न की संभावना कम होती है। आप गर्दन और कंधों की हल्की स्ट्रेचिंग कर सकते हैं, जिससे मांसपेशियां ढीली हो जाएंगी और सोते समय कोई परेशानी नहीं होगी।



## घर में सुरक्षा कैमरे लगवाने की सोच रहे हैं ये हैं मुख्य जगह

आजकल कई लोग अपने घर की सुरक्षा के लिए सुरक्षा कैमरे लगवाते हैं। सुरक्षा कैमरे घर की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी होते हैं और इनसे न केवल चोरी की घटनाओं को रोकने में मदद मिलती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि आपका परिवार सुरक्षित रहे। सही जगहों पर कैमरे लगवाने से आप अपने घर की हर गतिविधि पर नजर रख सकते हैं। आइए जानते हैं कि घर में सुरक्षा कैमरे कहां-कहां लगवाने चाहिए।

**मुख्य दरवाजे पर लगाएं कैमरा :** मुख्य दरवाजे पर एक सुरक्षा कैमरा लगाना बहुत जरूरी है। इससे आप देख सकते हैं कि कौन आपके घर में प्रवेश कर रहा है और बाहर से ही किसी भी गतिविधि पर नजर रख सकते हैं। यह चोरी की घटनाओं को रोकने में मदद करता है और अगर कोई अनधिकृत व्यक्ति आपके घर में घुसता है तो आप तुरंत कार्रवाई कर सकते हैं। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करता है कि आपका परिवार सुरक्षित रहे।



**पीछे के दरवाजे पर भी है जरूरी :** अक्सर लोग पीछे के दरवाजे को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी होता है जितना कि मुख्य दरवाजा। पीछे के दरवाजे पर एक कैमरा लगवाने से आप देख सकते हैं कि पीछे से कौन आ रहा है या जा रहा है। इससे आपको यह भी पता चलता है कि कोई अनधिकृत व्यक्ति आपके घर के पीछे से प्रवेश करने की कोशिश कर रहा है या नहीं। यह आपके परिवार की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

**बगीचे या आंगन में लगाएं कैमरा :** अगर आपके पास बगीचा या आंगन है तो वहां भी एक सुरक्षा कैमरा लगवाना अच्छा रहेगा। इससे आप देख सकते हैं कि कोई अनधिकृत व्यक्ति आपके बगीचे या आंगन में घूम रहा है या नहीं। यह सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी होता है क्योंकि कई बार चोर पीछे के रास्तों से घर में घुसने की कोशिश करते हैं। इस तरह आप पहले ही उनकी गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं और समय पर कार्रवाई कर सकते हैं।

#### बेडरूम की खिड़की पर रखें नजर

बेडरूम की खिड़की पर एक छोटा सा सुरक्षा कैमरा लगवाना भी फायदेमंद होता है। इससे आप देख सकते हैं कि कोई व्यक्ति आपकी खिड़की से अंदर आने की कोशिश कर रहा है या नहीं। यह खासकर तब जरूरी हो जाता है जब आप सो रहे होते हैं और किसी अनधिकृत व्यक्ति के अंदर आने का खतरा हो। इस तरह आप पहले ही उनकी गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं और समय पर कार्रवाई कर सकते हैं।

#### गैरेज के दरवाजे पर भी रखें नजर

अगर आपके घर का गैरेज का दरवाजा अलग है तो वहां भी एक सुरक्षा कैमरा लगवाना चाहिए ताकि कोई अनधिकृत व्यक्ति आपके वाहन या गैरेज के दरवाजे से अंदर आने की कोशिश करे तो आप पहले ही उसकी गतिविधियों पर नजर रख सकें। इन पांच जगहों पर सुरक्षा कैमरे लगवाने से आप अपने घर की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं।

कार्नर न्यूज

त्योहार पर पोशाक न केवल खूबसूरत हो, बल्कि आरामदायक भी हो

# त्योहारों पर बच्चों के लिए कपड़े खरीदते समय इन बातों का रखें विशेष ध्यान

त्योहारों का मौसम आते ही हर किसी के मन में नई पोशाक खरीदने की ललक बढ़ जाती है, खासकर जब बात बच्चों की हो तो माता-पिता उनके लिए सबसे अच्छे कपड़े खरीदने की कोशिश करते हैं। हालांकि, बच्चों के कपड़े खरीदते समय कुछ बातों का खास ध्यान रखना जरूरी है ताकि त्योहार पर उनकी पोशाक न केवल खूबसूरत हो, बल्कि आरामदायक भी हो। आइए जानते हैं कि त्योहारों पर बच्चों के लिए कपड़े खरीदते समय क्या-क्या ध्यान रखना चाहिए।



#### कपड़े की गुणवत्ता का रखें ध्यान

जब भी आप अपने बच्चे के लिए कोई नए कपड़े खरीदें तो सबसे पहले उसके कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान दें। कपड़े की गुणवत्ता से हमारा मतलब है कि वह किस तरह के कपड़े से बना है। उदाहरण के लिए सूती कपड़े के कपड़े गर्मियों के लिए सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये हल्के और आरामदायक होते हैं। वहीं सर्दियों के लिए ऊनी कपड़े के विकल्प चुनें क्योंकि ये ठंड से बचाने में मदद कर सकते हैं।

#### रंगों का चयन समझदारी से करें

बच्चों के कपड़ों के लिए रंगों का चयन करते समय समझदारी से काम लें। छोटे बच्चों के लिए हल्के और चमकीले रंग जैसे नीला, गुलाबी, हरा या पीला चुनें, जो उन्हें खुश और ऊर्जावान महसूस कराएं। बड़े बच्चों के लिए गहरे रंग जैसे लाल, काला या गहरा हरा चुनें, जो त्योहार के माहौल में भव्यता जोड़ें। इसके अतिरिक्त बच्चों को उनके पसंदीदा रंग के कपड़े खरीदकर दें ताकि वे त्योहार पर खुश रहें।

#### आकार और फिटिंग पर दें ध्यान

बच्चों के कपड़े खरीदते समय उनके आकार और फिटिंग पर खास ध्यान दें। बच्चों के कपड़े हमेशा थोड़े बड़े आकार के खरीदें ताकि वे लंबे समय तक पहन सकें। इसके अलावा कपड़ों की फिटिंग भी सही होनी चाहिए ताकि बच्चे आरामदायक महसूस कर सकें। ध्यान रखें कि कपड़े न तो बहुत ढीले हों और न ही बहुत टाइट। सही आकार और फिटिंग से बच्चे पूरे दिन आराम से रहेंगे और त्योहार का मजा ले सकेंगे।



#### डिजाइन होना चाहिए सरल

बच्चों के कपड़ों का डिजाइन चुनते समय सरलता को प्राथमिकता दें। बहुत अधिक जटिल डिजाइन वाले कपड़े न चुनें क्योंकि वे बच्चों के लिए असुविधाजनक हो सकते हैं और उन्हें पहनने में कठिनाई हो सकती है। सरल और आकर्षक डिजाइन वाले कपड़े चुनें, जो बच्चों के लिए आसानी से पहने जा सकें और वे पूरे दिन आरामदायक महसूस करें। इसके अलावा ऐसे कपड़ों का चयन करें, जिनमें कम से कम कढ़ाई और सीवन हो।

#### मौसम का रखें ध्यान

बच्चों के लिए कपड़े खरीदते समय मौसम का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। अगर त्योहार गर्मियों में है तो हल्के और सूती कपड़े चुनें, वहीं अगर यह सर्दियों में आता है तो ऊनी या गर्म कपड़े वाले कपड़े खरीदें। बारिश के मौसम के लिए पानी से बचाने वाले जैकेट्स और बूट्स अच्छे विकल्प हो सकते हैं। इस तरह से आप अपने बच्चे के लिए सही प्रकार के कपड़े खरीद सकते हैं और त्योहार का आनंद ले सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## प्रिंट क्रिस कोलंबस को फैनटास्टिक फोर से कर दिया गया था बाहर



**लॉस एंजिल्स।** हालिया रिलीज 'फैंटास्टिक फोर' फिल्म मैट शाकमैन की 'द फैंटास्टिक फोरः द फर्स्ट स्टेप्स' रिलीज के साथ ही मार्वल के दीवाने इसकी तुलना हली फिल्म टिम स्टोरी की 'फैंटास्टिक फोर' से कर रहे हैं। ये फिल्म आज से 20 साल पहले 2005 में रिलीज हुई थी। आपको जानकर हैरानी होगी कि उस फिल्म में एक ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर तब एग्जेक्यूटिव प्रड्यूसर्स में से एक थे, जिन्हें बहुत ज्यादा राय देने की वजह से फिल्म से निकाल दिया गया था। इनका नाम क्रिस कोलंबस थे, जिन्होंने होम अलोन (1990), होम अलोन 2ः लॉस्ट इन न्यूयॉर्क (1992), और स्टेपमॉम (1998) जैसी यादगार फिल्मों का निर्देशन किया था। एक बातचीत में कोलंबस ने 2000 के दशक की शुरुआत में 'फैंटास्टिक फोर' में काम करने के अपने अनुभव को लेकर दिल खोलकर बातें कीं। वे एक फिल्म बनाने वाले थे और मैं उसे प्रडयूस कर रहा था। मैं डायरेक्टर से मिला और कुछ विचार रखे। मैंने बेसिकली कहा था कि इस फिल्म का कुछ हिस्सा फैंटास्टिक फोर के मेकर जैक किर्बी जैसा और मार्वल के सिल्वर एज जैसा लगना चाहिए। उन्होंने बताया, मैं उस मीटिंग से निकला और घर लौटते समय मुझे ट्वीन्टी सेंचुरी फोक्स के हेड का फोन आया, जिसमें कहा गया कि मुझे नौकरी से निकाल दिया गया है और मैं बहुत राय दे रहा हूं। कोलंबस हमेशा से एक सुपरहीरो फिल्म बनाना चाहते थे।

### टॉलीवुड

## जटाधारा में जीभ निकालकर तंत्र-मंत्र करतीं शिल्पा शिरोडकर, लुक से मची खलबली



सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'जटाधारा' में शिल्पा शिरोडकर नई कलाकार बनकर जुड़ गई है। फिल्म की टीम के रिलीज किए गए एक पोस्टर के अनुसार, वह शोभा नाम का एक किरदार निभाएंगी। पोस्टर पर टैगलाइन है, 'लालच जो तंत्र में बदल गया,' जो फिल्म में उनके किरदार के तांत्रिक पहलुओं की ओर इशारा करता है। पोस्टर में, शिल्पा शिरोडकर एक अजीबोगरीब काले रंग के कपड़े में दिखाई दे रही हैं, उनका मुंह खुला हुआ है मानो वो किसी काले जादू के अनुष्ठान में हों। मेकर्स ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'वह लालच से प्रेरित नहीं हैं, बल्कि वह इसे परिभाषित करती हैं।' 'जटाधारा' के बारे में बात करते हुए, शिल्पा शिरोडकर ने कहा, 'मैं जटाधारा का हिस्सा बनकर बहुत खुश और एक्साइटेड हूं। यह एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों को एक अलौकिक और रहस्यमयी सफर पर ले जाएगी! इसमें अविश्वसनीय और अद्भुत सीन्स और एक ऐसी कहानी है जो निश्चित रूप से आप सभी पर गहरा प्रभाव डालेगी!' उन्होंने आगे कहा, 'मेरा किरदार, शोभा, काफी सशक्त है। यह बहुत जटिल और दिलचस्प है। मैंने इस किरदार को जीवंत करने में अपना दिल और आत्मा लगा दी है और मैं इसे सभी के साथ स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं!' वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के डायरेक्शन में बनी 'जटाधारा' के टीजर में एक मंदिर के बैकग्राउंड में सुधीर बाबू और दिव्य दिखने वाली सोनाक्षी सिन्हा एक-दूसरे से भिड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### भोजपुरी

## खेसारी लाल यादव ने लड़की के साथ किया फ्लर्ट, लोगों ने कहा- घटिया



भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने हाल ही में एक इवेंट के दौरान एक्ट्रेस अंजलि राघव की कमर को छू दिया था, जिससे बवाल मच गया था। हालांकि, अब उन्होंने माफी भी मांग ली। लेकिन, अदाकारा ने इंडस्ट्री छोड़ दी है। अब इस बीच खेसारी लाल यादव का वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इसमें वह एक फीमेल फैन के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। लोग आलोचना कर रहे हैं। वायरल हो रहे वीडियो में खेसारी लाल यादव एक लड़की से पूछते हैं, 'ये बड़ी है कि छोटी?' तो जवाब आता है कि ये छोटी बहन है। फिर एक्टर उसे ऊपर से नीचे देखकर बोलते हैं, 'लेकिन इसका कुछ भी छोटा नहीं है। हाइट देखो, बाल देखो, बेचारी का चेहरा भी बड़ा है।' इसके बाद वो लड़की एक्टर के माइक पर खुश होकर थैंक यू कहती है तो खेसारी कहते हैं, 'आओ, आओ।' फिर गले लगा लेते हैं और आहें भरते हैं। खेसारी लाल वीडियो में आगे कहते हैं, 'जिंदगी मिले तो खेसारी लाल यादव जैसा। जहां चाहता हूं, वहीं पकड़ लेता हूं।' अब इस क्लिप में उनके बर्ताव को देख हर कोई आलोचना कर रहा है। और उनको घटिया बता रहा है। एक यूजर ने शेयर करते हुए लिखा, 'खेसारी लाल यादव ने इस लड़की के साथ जो किया वो ज्यादा शर्मनाक है या फिर पवन सिंह के जैसा ही है। ये भोजपुरी स्टार्स बहुत घटिया हैं।' बता दें कि पवन सिंह ने लखनऊ के इवेंट में एक्ट्रेस को गलत तरह से छुआ था तो हर कोई उन्हें ट्रोल कर रहा था। इस वाकये के दो दिन बाद एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अंजलि से माफी मांगी और लिखा, 'अंजलि जी, पुराने शेड्यूल के कारण मैंने आपका लाइव नहीं देखा। मुझे जब इस बात की जानकारी हुई, तो मुझे बुरा लगा। मेरा आपका प्रति कोई भी गलत इरादा नहीं था, क्योंकि हमलोग कलाकार हैं। इसके लिए बकवास, अगर आपको हमारी कोई भी व्यवहार से तकलीफ हुई हो तो उसके लिए मैं शमा प्रार्थी हूं।' इसके बाद अंजलि ने उनकी माफी पर रिएक्ट किया, 'पवन सिंह जी ने अपनी गलती की मन्फी मंगाली है।

---




"गणपति उत्सव के लिए तारा ने डिजाइनर तरुण ताहिलियानी के काउचर कलेक्शन से इस साड़ी को लिया है। टिश्यू कांजीवरम फैब्रिक की साड़ी पर मोतियों और क्रिस्टल से सजा पल्ला बना है। जिसे तारा ने ब्यूटीफुली पर्ल और क्रिस्टल से सजे ब्लाउज के साथ पेयर किया है। जिसकी प्लजिंग नेकलाइन और बैक पर लगा ब्यूटीफुल पर्ल टेसल इसे खूबसूरत बना रहा है। ट्रेडिशनली कांजीवरम साड़ी पर्ल और क्रिस्टल का काम इसे ट्रेंडी लुक दे रहा है। साड़ी का कलर कॉम्बिनेशन भी ब्यूटीफुल है। गोल्ड टच लिए फैब्रिक पर व्हाइट पर्ल एंड क्रिस्टल की सजावट इसे यूनिक बना रही। फूलों का गजरा किसी नई नवेली दुल्हन के लुक के लिए परफेक्ट है।

## नौवारी साड़ी के साथ पहनें महाराष्ट्र के ये पारंपरिक गहने




नौवारी साड़ी महाराष्ट्र की पारंपरिक पोशाक है। यह साड़ी 9 मीटर लंबी होती है, जिस कारण इसका नाम नौवारी रख गया था। मराठी महिलाएं गणेश चतुर्थी और गुड़ी पड़वा जैसे त्योहारों और विशेष अवसरों पर इस साड़ी को पहनती हैं। हालांकि, नौवारी साड़ी का लुक तभी पूरा होता है जब उसके साथ पारंपरिक गहने भी पहने जाएं। आज के फैशन टिप्स में जानिए मराठी मुलगी वाला लुक पाने के लिए नौवारी साड़ी के साथ कौन-से गहने पहने जाते हैं।

**मराठी नथ :** नौवारी साड़ी के साथ मराठी नथ पहनना जरूरी है, जो पूरे लुक में चार चांद लगाने का काम करती है। इसे पेशवाई नथ भी कहते हैं, जो सदियों से मराठी इतिहास का अहम हिस्सा रही है। यह नथ सोने से बनी होती है और इसमें मोती, रत्न और अन्य कीमती पत्थरों का उपयोग किया जाता है। यह बड़े आकार की होती है और इसमें लटकन भी लगी होती हैं। इसे पहने बिना मराठी महिलाओं का श्रृंगार अधूरा माना जाता है।

**चोकर और लंबा हार :** मराठी महिलाओं की तरह तैयार होने के लिए नौवारी साड़ी पर सोने के आभूषण पहनें। लुक को पूरा करने के लिए पहले गले में सोने का छोटा चोकर पहनें। यह ऐसा हार होता है, जो गले में चिपका हुआ रहता है। इसके बाद आपको एक लंबा हार पहनना होगा, जो आपको शाही लुक प्रदान करेगा। इस हार की लंबाई या तो सीने तक या पेट तक होनी चाहिए। आप अपनी पसंद की डिजाइन वाले हार पहनकर बिलकुल मराठी मुलगी लगेंगी।



**लटकन वाले झुमके :** कोई भी पारंपरिक लुक बिना झुमके पहने पूरा ही नहीं हो सकता। हालांकि, नौवारी साड़ी के साथ साधारण डिजाइन वाले झुमके नहीं जंचते। इसके साथ आपको लटकन वाले सोने के बड़े झुमके पहनने होंगे। ऐसा झुमका चुनें, जिसके निचले भाग पर मोती या लटकन लगे हों। उसके साथ कान चेन भी लगाएं, जो झुमके से लटकती है और उसे बालों में अटकाया जाता है। इसे पहनकर आप बिलकुल किसी मराठी रानी जैसा महसूस करने लगेंगी।

**कंगन, चूड़ियां और बड़ी अंगूठियां :** नौवारी साड़ी पहनने के बाद आप अपने हाथों को सजाना कैसे भूल सकती हैं? इसके लिए आपको हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहननी होंगी। मराठी संस्कृति में महिलाएं प्रजनन क्षमता, नई शुरुआत और शुभता के प्रतीक के रूप में हरी चूड़ियां पहनती हैं। इन्हें सोने के सुंदर डिजाइन वाले कड़ों के साथ स्टाइल करें, जिससे आपके हाथ और भी खूबसूरत दिखेंगे। लुक को पूरा करने के लिए उंगलियों में बड़ी अंगूठियां भी सजा लें।

## बालों को लंबा और घना बनाने के लिए लगाएं मोरिंगा का तेल, मिलेंगे ये मुख्य लाभ

मोरिंगा को सेहत का रामबाण कहा जाता है, क्योंकि यह कई फायदे प्रदान करता है। हालांकि, अब इसके बीज से निकाले जाने वाले तेल की भी खूब चर्चा होने लगी है। यह तमाम विटामिन और मिनरल से समृद्ध होता है, जो बालों को घना बनाने में मदद करते हैं। इससे मालिश करने से बालों की देखभाल हो जाती है और बालों की समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। आइए जानते हैं बालों में मोरिंगा का तेल लगाने के लाभ।

**क्या होता है मोरिंगा का तेल :** मोरिंगा का तेल मोरिंगा पौधे के बीज से निकाला जाता है। भारतीय सदियों से इसका इस्तेमाल करते आए हैं, क्योंकि यह बालों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इस तेल में विटामिन ए और सी मौजूद होते हैं, जो बालों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का काम करते हैं। इसमें अमीनो एसिड और एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो सिर की त्वचा में रक्त संचार को बेहतर बनाते हैं और बालों को घना बनाते हैं।



**बालों को मिलता है पोषण :** मोरिंगा के तेल में ओमेगा-9 फैटी एसिड जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो बालों को पोषण देने का काम करते हैं। इनकी मदद से बाल जड़ से मजबूत बन जाते हैं और उनकी प्राकृतिक चमक बरकरार रहती है। अगर आप हर हफ्ते इस तेल का इस्तेमाल करेंगे तो जल्द ही आपके बाल पहले से ज्यादा स्वस्थ और घने नजर आने लगेंगे। साथ ही इसकी मदद से बालों का झड़ना भी कम हो जाएगा और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### सिर की त्वचा को मिलता है आराम

अगर आपको अपने सिर की त्वचा में खुजली और जलन आदि महसूस होती है तो मोरिंगा का तेल इस्तेमाल करें। इस तेल के पोषक तत्व सिर की त्वचा को आराम पहुंचाने की क्षमता रखते हैं। इसे लगाने से सिर की त्वचा मॉइस्चराइज हो जाएगी, जिससे वह शुष्क नहीं रहेगी। इस तेल के एंटी-फंगल और एंटी-माइक्रोबियल गुणों के चलते यह रूसी का सफाया कर देगा, जिससे खुजली भी बंद हो जाएगी।

### बाल हो जाते हैं मजबूत

मोरिंगा का तेल ओलिक एसिड जैसे मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड से भरपूर होता है। ये बालों को अंदरूनी तौर पर मजबूत बना सकते हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से बालों की जड़ों और लटों को पोषण और मजबूती प्रदान करने में मदद मिलती है। आयुर्वेद में भी इसे लगाने की सलाह दी जाती है, क्योंकि वह बालों के बीच से टूटने और झड़ने की समस्या को भी हल कर सकता है। आप मोरिंगा से केक समेत ये स्वादिष्ट व्यंजन बना सकते हैं।

## चांदी की चेन को साफ करने के आसान घरेलू तरीके, जो उसे बना देंगे नए जैसा

चांदी की चेन एक ऐसा गहना है, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा पहना जाता है। इसे पहनकर संपूर्ण लुक शानदार दिखने लगता है और शाही अंदाज मिलता है। हालांकि, समय के साथ चांदी की चेन की चमक कम हो जाती है और उसका रंग फीका पड़ने लगता है। अगर, आप उसे फिर से नए जैसा चमकाना चाहते हैं तो आपको ये तरीके आजमाकर देखने चाहिए। इन घरेलू नुस्खों के जरिए चांदी की चेन अच्छी तरह साफ हो जाएगी।

**पहले जानें क्यों कम हो जाती है चांदी की चमक :** सोने के गहनों की चमक सालों-साल तक नए जैसी बनी रहती है। हालांकि, चांदी के जेवरों की चमक बहुत जल्दी ही फींकी पड़ जाती हैं। चांदी हवा में मौजूद सल्फर के साथ प्रतिक्रिया करके एक काली परत बनाती है। इसी कारण से उसकी चमक कम होती जाती है। उमस भरे वातावरण में तो यह और भी जल्दी होता है। ऐसे में चांदी के गहनों को समय-समय पर साफ करने की सलाह दी जाती है।



### बेकिंग सोडा आएगा काम

अगर आपको अपनी चांदी की चेन तुरंत पहननी है और उसे जल्दी साफ करना है तो बेकिंग सोडा काम आएगा। इसके लिए एक कटोरे पर अल्मूनियम फोएल लगा दें और चमकीले भाग को ऊपर की तरफ रखें। इसमें गर्म पानी और एक चम्मच बेकिंग सोडा मिला दें और अपनी चांदी की चेन डाल दें। जब चेन से हल्का झाग उठने लगे तो समझ जाएं की उसका कालापन पूरी तरह साफ हो चुका है।

### टूथपेस्ट से करें साफ

अगर आपकी रसोई में बेकिंग पाउडर खत्म हो गया है तो आप बाथरूम में रखी एक चीज का भी उपयोग कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं टूथपेस्ट की, जो गंदगी को साफ करने में मददगार होता है। इसके लिए एक मुलायम और साफ कपड़े पर थोड़ा-सा टूथपेस्ट लगाएं। इसकी मदद से चांदी की चेन को धीरे-धीरे रगड़कर साफ करें। करीब 10 मिनट के बाद पानी से धोकर टूथपेस्ट को साफ कर लें।

## महिलाओ के बीच लोकप्रिय हो रहा 'टायर्ड गर्ल मेकअप ट्रेंड', जानिए इसे करने का तरीका

समय-समय पर महिलाओं के बीच नए मेकअप ट्रेंड वायरल होते रहते हैं। इन्हीं में से एक है 'टायर्ड गर्ल मेकअप', जो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मेकअप नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय शो 'वेडनसडे' की मुख्य किरदार से प्रेरित है, जो हमेशा गुस्से में नजर आती है। इसमें ऐसा मेकअप करना शामिल होता है, जिससे थका हुआ लुक मिले। आइए इस मेकअप को करने का तरीका जानते हैं।

**क्या होता है टायर्ड गर्ल मेकअप :** यह मेकअप ट्रेंड सोशल मीडिया पर खूब प्रसिद्ध हो रहा है और खास तौर से पश्चिमी देशों की महिलाओं को पसंद आ रहा है। इसमें साफ-सुथरा मेकअप नहीं, बल्कि थोड़ा गहरा मेकअप करना होता है। जिन काले घेरों को महिलाएं छुपाने की कोशिश करती हैं, इस मेकअप लुक में उन्हें ही दिखाने की कोशिश की जाती है। अगर आप देर तक जागती हैं तो आपको इसके लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।



**सबसे पहले करें बेस मेकअप :** इस लुक को हासिल करने के लिए सबसे पहले आपको अपना बेस मेकअप करना होगा। इसके लिए हेवी यानि पूरी कवरेज वाले फाउंडेशन के बजाय हल्का फाउंडेशन और कंसीलर लगाएं। पूरे चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं और केवल उन जगहों पर कंसीलर इस्तेमाल करें, जहां जरूरत हो। अगर आप बहुत हल्की कवरेज चाहती हैं तो टिंटेड मॉइस्चराइजर या बीबी क्रीम लगाएं। इससे चेहरे के दाग-धब्बे छिप जाएंगे और समान रंगत मिलेगी।

**आंखों पर लाइनर लगाकर फैलाएं :** इस लुक में सबसे अहम है आंखों का मेकअप, जिससे आपके चेहरे पर थकान नजर आएगी। इसके लिए विंग आई लाइनर लगाने की कोशिश न करें, बल्कि एक बिगड़ा हुआ लुक अपनाएं। सबसे पहले काला आई लाइनर लगाएं और उसे छोटे ब्रश की मदद से हल्का-सा फैला लें।

### कार्नर न्यूज

**न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि आपकी स्टाइल को भी नया रूप देता है**

## पुरानी साड़ी को बदलें डिजाइनदार स्कर्ट में, आपकी स्टाइल को देगा नया लुक

आजकल पुरानी चीजों को नए तरीके से इस्तेमाल करने का चलन बढ़ गया है। इसी कड़ी में आप अपनी पुरानी साड़ी को एक नई स्कर्ट में बदल सकते हैं। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि आपकी स्टाइल को भी नया रूप देता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी पुरानी साड़ी को एक खूबसूरत स्कर्ट में बदल सकते हैं।



### साड़ी की लंबाई और चौड़ाई नापें

सबसे पहले अपनी साड़ी की लंबाई और चौड़ाई नापें, जिसे आप स्कर्ट के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। इसके लिए आपको अपनी कमर से लेकर टखने तक की लंबाई नापनी होगी। इसके अलावा कमर का माप भी लें ताकि स्कर्ट अच्छी तरह से फिट हो सके। इन नापों को ध्यान में रखते हुए आप अपनी स्कर्ट की डिजाइन तय कर सकते हैं और उसे सिलाई के लिए तैयार कर सकते हैं।

### साड़ी का पल्लू काटें

अब आपको साड़ी के पल्लू को काटना होगा, जो स्कर्ट के हिस्से में नहीं आएगा। आमतौर पर पल्लू का हिस्सा सबसे ज्यादा कढ़ाई वाला होता है इसलिए इसे काटने से पहले ध्यान रखें कि आपकी स्कर्ट की लंबाई कितनी होगी। पल्लू को काटते समय ध्यान रखें कि उसकी कढ़ाई वाली जगहें स्कर्ट के बीच में न आएं। इससे आपकी स्कर्ट का लुक बेहतरीन रहेगा और वह पहनने में भी आरामदायक होगी।

### कमरबंद बनाना सीखें

स्कर्ट के लिए कमरबंद बनाना बहुत जरूरी होता है ताकि वह अच्छी तरह से फिट हो सके। इसके लिए आपको लचीला पट्टा चाहिए होगा, जिसे आप अपनी कमर के अनुसार काट सकते हैं। इसके बाद इसे स्कर्ट के ऊपर अच्छे से सिल दें। इससे आपकी स्कर्ट आरामदायक होगी और पहनने में भी आसानी होगी। कमरबंद को ठीक से सिलने पर आपकी स्कर्ट पूरी तरह तैयार हो जाएगी और आप इसे विभिन्न अवसरों पर पहन सकती हैं।



### सीधी सिलाई करें

अब बारी आती है सीधी सिलाई की, जिससे आपकी स्कर्ट पूरी तरह तैयार हो सकेगी। सबसे पहले स्कर्ट के किनारों पर सिलाई करें, जिससे वह मजबूत बनेगी और टूटेगी नहीं। इसके बाद नीचे की ओर भी सिलाई करें ताकि स्कर्ट का किनारा साफ-सुथरा दिखे। इस तरह आप आसानी से अपनी पुरानी साड़ी को एक नई खूबसूरत स्कर्ट में बदल सकते हैं।

### सजावट जोड़ें

आखिरी चरण है सजावट जोड़ना, जिससे आपकी स्कर्ट और भी आकर्षक लगेगी। आप चाहें तो स्कर्ट पर छोटे-छोटे बटन, लेस या फिर मोटिफ्स जोड़ सकती हैं। इससे आपकी स्कर्ट देखने में बहुत ही खास लगेगी और इसे पहनकर आप अलग-अलग अवसरों पर आकर्षक दिखेंगी। इस तरह आप अपनी पुरानी साड़ी को एक नई खूबसूरत स्कर्ट में बदल सकती हैं, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल होगी बल्कि आपके स्टाइल को भी नया रूप देगी।